फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 56, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 21 मार्च, 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# कांग्रेस के असंतुष्ट गुट जी-23 में फूट!

## असंतोष की लहर: आजाद की डिनर पार्टी से आठ ने किया किनारा, चार नए चेहरे शामिल, इनमें दो का कांग्रेस से टूट चुका नाता, कांग्रेस की हार के बाद पार्टी का असंतुष्ट खेमा जी-23 सक्रिय

इन नेताओं ने बनाया था जी -23




इन नेताओं ने बनाया था जी -23




- असंतुष्ट खेमे में ही फूट पड़ती दिख रही है। अगस्त 2020 में बने इस गुट में 23 नेता शामिल थे। पिछले दिनों गुलाम नबी आजाद के घर हुई डिनर पार्टी में इस गुट के कुछ चर्चित चेहरे नदारद रहे
- दिलचस्प यह है कि पार्टी नेतृत्व ने प्रवक्ताओं को स्पष्ट किया है कि असंतुष्ट खेमे के नेताओं के खिलाफ कोई बयान नहीं देना है, जिससे उन्हें बोलने का मौका मिले
- थरूर केरल से 2009 से सांसद हैं। गांधी परिवार के करीबी हैं, लेकिन कुछ समय से असंतुष्ट खेमे में शामिल हैं

**नई दिल्ली:** पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद पार्टी का असंतुष्ट खेमा जी-23 सक्रिय है। ये खेमा एक बार फिर पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर मुखर है। हालांकि, इस बार चौंकाने वाली बात ये है कि इस असंतुष्ट खेमे में ही फूट पड़ती दिख रही है। अगस्त 2020 में बने इस गुट में 23 नेता शामिल थे। पिछले दिनों गुलाम नबी आजाद के घर हुई डिनर पार्टी में इस गुट के कुछ चर्चित चेहरे नदारद रहे। जी-23 से आठ कांग्रेसियों ने खुद को अलग कर लिया है, जबकि एक नेता जितिन प्रसाद ने यूपी विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी का दामन थाम लिया था। असंतुष्ट खेमे में अब केवल 14 नेता ही बचे हैं। इनमें गुलाम नबी आजाद, भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पृथ्वीराज चव्हाण पूर्व सीएम रह चुके हैं। इनके अलावा ज्यादातर नेताओं का राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हो चुका है या खत्म होने वाला है। हालांकि, गुलाम नबी आजाद के घर बुलाई गई डिनर पार्टी में चार नए नेता भी शामिल हुए, लेकिन उनमें भी दो का कांग्रेस से नाता टूट चुका है। दिलचस्प यह है कि पार्टी नेतृत्व ने प्रवक्ताओं को स्पष्ट किया है कि असंतुष्ट खेमे के नेताओं के खिलाफ कोई बयान नहीं देना है, जिससे उन्हें बोलने का मौका मिले।

**गुलाम नबी आजाद:** गुलाम नबी आजाद कांग्रेस के जी-23 ग्रुप के अगुआ बनकर उभरे थे। बीजेपी नेताओं से कथित नजदीकी के चलते वे सुर्खियों में भी रहते हैं। आजाद ने अपनी राजनीति की शुरूआत 80 के दशक में कश्मीर से की थी। गांधी परिवार के करीब रहे हैं। लंबे समय से राज्यसभा से ही चुनकर संसद आते रहे, लेकिन उनका कार्यकाल खत्म हो हो चुका है। फिर से राज्यसभा न भेजे जाने की बात शायद उन्हें परेशान कर रही है। वे एक बार जम्मू-कश्मीर के सीएम भी रहे, लेकिन उनकी जमीनी पकड़ मजबूत नहीं मानी जाती। केंद्र की ओर से इसी साल गुलाम नबी आजाद को पद्म भूषण सम्मान से नवाजा गया।

**आनंद शर्मा:** हिमाचल प्रदेश के रहने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा भी जी-23 में शामिल हैं। शर्मा भी लंबे समय से केवल राज्यसभा के जरिए संसद पहुंचते रहे हैं, लेकिन जिस तरह से आनंद शर्मा गांधी परिवार के खिलाफ मुखर हैं, उससे साफ है कि अब उन्हें शायद ही पार्टी की ओर से राज्यसभा जाने का मौका मिले। शर्मा मनमोहन सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं।

**कपिल सिब्बल:** पांच राज्यों में कांग्रेस की करारी हार के बाद कपिल सिब्बल ने गांधी परिवार से पार्टी नेतृत्व छोड़ने की सलाह दे डाली थी। सिब्बल ने कहा कि गांधी परिवार को अब कांग्रेस की लीडरशिप से हट जाना चाहिए और नेतृत्व की भूमिका के लिए और किसी और को मौका देना चाहिए। सिब्बल यूपी से राज्यसभा सदस्य भी हैं, लेकिन उनका कार्यकाल खत्म होने जा रहा है। वे जिस तरह से गांधी परिवार के खिलाफ मुखर हैं, उससे स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में राज्यसभा के लिए उन पर विचार शायद ही हो। वे राहुल गांधी को भी निशाने पर लेते रहे हैं। 2014 में वे दिल्ली से लोकसभा का चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे।

**भूपेंद्र हुड्डा:** भूपेंद्र हुड्डा हरियाणा में 2005 से 2014 तक लगातार दो बार मुख्यमंत्री रहे, लेकिन इन दिनों वे भी असंतुष्ट हैं। हरियाणा कांग्रेस में उनके कद को कम करने की कोशिश से नाराज बताए जा रहे हैं। हरियाणा में हुड्डा की जमीनी पकड़ काफी मजबूत मानी जाती है। कांग्रेस के असंतुष्ट खेमे में हुड्डा ही सबसे अधिक ताकतवर नेता हैं।

**राज बब्बर:** यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके राज बब्बर भी असंतुष्ट खेमे में शामिल हैं। राज बब्बर कभी सपा में थे।

### संदीप दीक्षित असंतुष्ट खेमे के सबसे सक्रिय सदस्य के तौर पर उभरे

**संदीप दीक्षित:** संदीप दीक्षित पार्टी के असंतुष्ट खेमे के सबसे सक्रिय सदस्य के तौर पर उभरे हैं। वे दिल्ली से सांसद रह चुके हैं।

पांच राज्यों में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद दीक्षित ने पार्टी नेतृत्व पर सवाल खड़ा किया। दिल्ली में कांग्रेस को लगातार हार मिल रही है। ऐसे में दीक्षित के लिए आगे की सियासत बेहद मुश्किल है। वे दिल्ली की पूर्व सीएम शीला दीक्षित के बेटे हैं, लेकिन फिलहाल उनकी जमीनी पकड़ मजबूत नहीं है।

## जी-23 से आठ हुए अलग

**अगस्त** 2020 में बने जी- 23 में आठ नेता लगभग अलग हो चुके हैं। गुलाम नबी आजाद की डिनर पार्टी में ये नेता शामिल भी नहीं हुए। इसमें वीरप्पा मोइली, मिलिंद देवड़ा, रेणुका चौधरी, मुकुल वासनिक, योगानंद शास्त्री, अरविंदर सिंह लवली, कौल सिंह ठाकुर और अजय सिंह ने दूरी बना ली है, जबकि जितिन प्रसाद अब बीजेपी में हैं।

**सोनिया-आजाद, राहुल-हुड्डा की मुलाकात में क्या हुई चर्चा:** होली के दिन सोनिया गांधी और गुलाम नबी आजाद और राहुल गांधी व हुड्डा के बीच मुलाकात हुई। सूचना बाहर आई कि सोनिया गांधी ही कांग्रेस की अध्यक्ष बनी रहेंगी। असंतुष्ट खेमे के नेता पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे, लेकिन सियासी चर्चा यह बाहर आ रही है कि गुलाम नबी आजाद को राज्यसभा में भेजने और पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा को पूरी तरह हरियाणा कांग्रेस की कमान देने पर सहमति बनी है, लेकिन यह कितना सच है, यह आने वाले दिनों में साफ हो पाएगा।

### जी-23 में शामिल नए चेहरे




## हिजाब विवाद में फैसला सुनाने वाले जजों को वाई सिक्योरिटी, मिल रही धमकी

**बैंगलुरु:** हिजाब विवाद में फैसला सुनाने वाले जजों को धमकियां मिल रही हैं। इनमें हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रितुराज अवस्थी भी शामिल हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट के वकील उमापति को सोशल मीडिया पर एक वीडियो मिला था। इसमें कहा गया था- हम जानते हैं कि चीफ जस्टिस मॉर्निंग वॉक के लिए कहां जाते हैं। वकील ने रजिस्ट्रार को चिट्ठी लिखकर इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। धमकी को देखते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने जजों को वाई कैटेगरी की सुरक्षा देने की घोषणा की है। सीएम ने कहा- हमने हिजाब पर फैसला देने वाले सभी 3 जजों को वाई कैटेगरी की सुरक्षा देने का फैसला किया है। साथ ही आईजी को जजों को मिल रही धमकी के मामले में जांच करने के निर्देश दिए हैं।



**झारखंड के जज की तरह हत्या करने की धमकी:** रजिस्ट्रार को लिखे पत्र में वकील उमापति ने कहा- मुझे सुबह करीब 9:45 बजे व्हॉट्सऐप पर एक वीडियो मिला जो तमिल में है। वीडियो में हिजाब विवाद पर फैसला सुनाने वाले जजों और कर्नाटक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की हत्या करने की बात कही गई है। वकील का आरोप है कि वीडियो तमिलनाडु का है। वीडियो के बैकग्राउंड में स्पीकर से झारखंड में हुई जज की हत्या के बारे में बताया जा रहा है। झारखंड में पिछले साल एक ऑटोरिक्शा से एक जज की हत्या कर दी गई थी।

## शरद यादव की एलजेडी का लालू की राजद में हुआ विलय

**नई दिल्ली:** जनता दल (यू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और समाजवादी नेता शरद यादव रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में 25 साल बाद फिर से शामिल हो गए। उन्होंने लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली राजद में अपनी पार्टी लोकतांत्रिक जनता दल (एलजेडी) के विलय की घोषणा करते हुए इसे विपक्षी एकता की दिशा में पहला कदम बताया है। विलय के बाद उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का अब राजद में विलय विपक्षी एकता की ओर पहला कदम है। यादव ने यहां कहा कि यह जरूरी है कि भाजपा को हराने के लिए पूरे देश में विपक्ष एकजुट हो जाए। अभी तक एकीकरण हमारी प्राथमिकता है, इसके बाद ही हम सोचेंगे कि एकजुट विपक्ष का नेतृत्व कौन करेगा।



### इजरायल के प्रधानमंत्री बेनेट दो अप्रैल को आयेंगे भारत

**नई दिल्ली:** इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर दो अप्रैल को भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली आयेंगे। दोनों नेताओं ने पहली बार पिछले अक्टूबर में ग्लासगो में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप26) के मौके पर मुलाकात की थी। इस दौरान ही प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इजरायली समकक्ष बेनेट को भारत यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। इजरायल सरकार की ओर से यात्रा के बारे में जानकारी दी गई है।

## पेट्रोल-डीजल के भाव रहे स्थिर, कच्चा तेल 107 डॉलर प्रति बैरल पर

**नई दिल्ली:** यूक्रेन-रूस संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल घटकर 107 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। हालांकि, घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल के भाव स्थिर रहे। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने भी दोनों ईंधनों के दाम में नवंबर, 2021 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में रविवार को पेट्रोल 95.41 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार देश के अन्य महानगरों मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में भी पेट्रोल की कीमत क्रमशः 109.98 रुपये, 104.67 रुपये और 101.40 रुपये प्रति लीटर पर टिका हुआ है। वहीं, इन महानगरों में डीजल का भाव क्रमशः 94.14 रुपये, 89.79 रुपये और 91.43 रुपये प्रति लीटर है। इसके अलावा नोएडा में पेट्रोल की कीमत 95.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.01 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन-रूस संकट के बीच कच्चे तेल में गिरावट दर्ज हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत घटकर 107 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है।

## 'टू फ्रंट वार' के लिए 200 लड़ाकू विमानों की कमी

### वायु सेना ने संसदीय समिति को बताया 11 लड़ाकू स्क्वाड्रन की कमी

**नई दिल्ली:** पाकिस्तान और चीन से एक साथ 'टू फ्रंट वार' की बेहतर तैयारी के लिए सशस्त्र बलों को पिछले साल दिसंबर में दिया गया अतिरिक्त तीन महीने का समय खत्म होने के करीब आते ही वायु सेना की चिंता बढ़ गई है। रक्षा मंत्रालय ने आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करके हथियार प्रणाली और गोला-बारूद का स्टॉक खरीदने के लिए यह समय बढ़ाया था। वायु सेना को सबसे अधिक चिंता करीब 200 लड़ाकू विमानों की कमी होने को लेकर है। एयर फोर्स की एक रिपोर्ट पर संसदीय समिति ने भारतीय वायुसेना के लिए नए लड़ाकू विमानों की समयबद्ध खरीद का आह्वान किया है, ताकि स्क्वाड्रन की घटती संख्या को बढ़ाया जा सके। भारतीय वायु सेना के पास फिलहाल आठ तरह के फाइटर एयरक्राफ्ट हैं। इनमें राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस, मिराज 2000, मिग-29, मिग-21 और जगुआर शामिल हैं। दरअसल मौजूदा समय में पाकिस्तान और चीन से संघर्ष बढ़ने पर भारतीय वायु सेना एक साथ दो युद्ध लड़ने की क्षमता विकसित करना चाहती है। अभी तक वायु सेना के पास लड़ाकू विमानों की 31 स्क्वाड्रन हैं, लेकिन 'टू फ्रंट वार' के लिए कम से कम 42 स्क्वाड्रन होने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। भारतीय वायु सेना की एक स्क्वाड्रन 16 युद्धक विमानों और पायलट ट्रेनिंग के दो विमानों से मिलकर बनती है।



## रूस ने सुपरसोनिक मिसाइल से हमला किया

**वाशिंगटन:** रूस की मिलिटरी कमान ने दावा किया है कि उसने पहली बार सुपरसोनिक मिसाइल हमले में यूक्रेन के विशाल भूमिगत आयुध भंडार को तबाह कर दिया है। इस भंडार गृह में बड़ी संख्या में मिसाइलें और गोला बारूद थे। यह आयुद्ध भंडार राजधानी कीव से 350 मील पश्चिम में डिलेटीन नामक गांव में था। अमेरिकी मीडिया ने अपने सूत्रों से इस रूसी दावे की सच्चाई की पुष्टि तो नहीं की है, लेकिन रूसी मीडिया के हवाले से बताया है कि रूस के मेजर जनरल ईगोर कोनेशनकोव ने शनिवार को एक सरकारी मीडिया ह्वरियाह्व टेलीग्राम चैनल को एक वीडियो प्रसारण में दावा किया है कि इस किंजाल एवीएशन नामक सुपरसोनिक मिसाइल के जरिए युक्रेणु के विशाल आयुध भंडार को तबाह कर यूक्रेन की कमर तोड़ दी है।

इसे सुपरसोनिक एयरोबैलेस्टिक मिसाइल भी कहा जा रहा है। रिया चैनल पर बताया जा रहा है कि इस एयरोबैलेस्टिक मिसाइल का हमला उस समय हुआ, जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेंस्की एक प्रसारण में रूस के राष्ट्रपति वलादिमीर पुतिन से सीधे बातचीत करने और दोनों देशों की क्षेत्रीय अखंडता और न्याय की स्थापना की मांग कर रहे थे।

## अमेरिका: अब ओमिक्रोन बी. 2 की दस्तक, सतर्कता की हिदायत

**लॉस एंजेल्स:** कोरोना की संकर प्रजाति ओमिक्रोन बी.2 ने यूरोप के बाद अमेरिका के विभिन्न भी बड़े शहरों में दस्तक दे दी है। इसे ओमिक्रोन बी.1 से ज्यादा जानलेवा बताया जा रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से फेस मास्क की अनिवार्यता हटाई जा रही है। फाइजर, मोडरेना और जॉनसन एंड जॉनसन ड्रग कम्पनियों ने इससे बचाव के लिए दूसरे बूस्टर डोज के लिए सीडीसी और एफडीए के दरवाजे खटखटाने शुरू कर दिए हैं। अमेरिका के महामारी और संक्रामक रोग से जुड़े दस विशेषज्ञों का दावा है कि ओमिक्रोन बी.1 की तुलना में ऑमिक्रोन बी.2 तीस से पचास प्रतिशत ज्यादा घातक होगा। इसमें ज्यादा मरीजों को अस्पतालों में भर्ती कराने की नौबत आ सकती है और इससे ज्यादा लोगों के मरने की आशंका है। अमेरिकी मीडिया में ओमिक्रोन बी.2 प्रजाति की गम्भीरता से जुड़ी खबरें सुर्खियों में आ रही हैं। यूरोप में दो देशों नीदरलैंड और डेनमार्क में ओमिक्रोन .2 की लहर आकर जा चुकी है, लेकिन वहाँ इसने महामारी का रूप नहीं लिया। इससे 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध लोगों को अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़े हैं, जबकि इस समय जर्मनी और ब्रिटेन में यह प्रजाति अपने पाँव पसार रही है।



न्यूयॉर्क में एक सप्ताह में दोगुना मामले सामने आ रहे हैं तो लॉस एंजेल्स और अन्य बड़े शहरों में दस से ग्यारह दिनों में ओमिक्रोन के दोगुना मामले हो रहे हैं। खबरें हैं कि कोरोना के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व फंड खत्म हो रहा है। कांग्रेस में डेमोक्रेट ने 15 अरब डॉलर आवंटित किए जाने की माँग की है, तो रिपब्लिकन अभी इस फंड पर सहमति नहीं जता पा रहे हैं।

## पार्टी नेतृत्व से मुलाकात कर देहरादून लौटे धामी, आज विधायक दल की बैठक

**नई दिल्ली:** उत्तराखंड के कार्यवाहक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिल्ली में भाजपा नेतृत्व के साथ मुलाकात कर देहरादून लौट गए हैं। लौटने से पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा विधायक दल की सोमवार शाम को देहरादून में बैठक होगी जिसमें पार्टी नेता का चुनाव होगा। सोमवार को ही सुबह नवनिर्वाचित विधायक विधानसभा में शपथ लेंगे। इसके बाद भाजपा विधायक दल की बैठक में ही राज्य के अगले मुख्यमंत्री का नाम स्पष्ट होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कार्यवाहक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली में शाह के आवास पर मुलाकात की। इस दौरान पार्टी नेता मदन कौशिक और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक व त्रिवेन्द्र सिंह रावत भी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी, जच्चा बच्चा दोनो स्वस्थ

**लालापुर।** क्षेत्र के लालापुर पीएचसी में तैनात एम्बुलेंस कर्मचारी अजय कुमार व चालक सुदीप मिश्र को जानकारी मिली की लालापुर के घूरी गांव निवासी रामप्रसाद की पत्नी मंजू गर्भवती है और उसको पेट में दर्द हो रहा है।चालक व इएमटी दोनो जैसे ही मंजू को लेकर जसरा सीएचसी जाने लगे रास्ते में ही प्रसव पीड़ा तेज होने लगी तो एम्बुलेंस रोक कर आशा की मदत से सुरक्षित प्रसव कराया गया।उधर शंकरगढ़ सीएचसी में तैनात 108 के कर्मचारी इएमटी अच्युतानंद व चालक संतोष कुमार को भी तालापार शंकरगढ़ के अभिषेक पटेल की पत्नी आभा सिंह की पेट दर्द की सूचना मिली दोनो आभा को लेकर सीएचसी शंकरगढ़ रेलवे क्रासिंग पर पहुँचे तो फाटक बंद था महिला को प्रसव पीड़ा तेज हो गयी।कर्मचारियों की सूजबूझ से आभा ने एक बेटी को जन्म दिया।उसके बाद दोनो को शंकरगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# युवक की हत्या कर पहाड़ के खदान के पानी में फेंका शव, हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** घूरपुर के भीटा और देवरिया गांव के बीच पहाड़ी के एक खदान के पानी में रविवार की सुबह एक लाश उतराती मिलने से हड़कम्प मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पानी से बाहर निकाल पहचान की कोशिश की लेकिन पहचान नहीं हो पाई । मौके पर एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित व सीओ करछना राजेश यादव भी मौके पर पहुंचे जांच पड़ताल किए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पी एम के लिये भेज दिया ।

घूरपुर के भीटा व देवरिया गांव एक पहाड़ी के गहरे खदान के भरे पानी में रविवार सुबह लोगों ने एक युवक की लाश उतराते देखी। तो हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई । सूचना पर घूरपुर पुलिस मौके पर पहुंच खदान से शव को बाहर निकाला तो उसके सिर व आंख के पास गहरे चोट के निशान व घाव मिले। आशंका है कि उक्त युवक की हत्या कर लाश को गहरे खदान के भरे पानी में फेंक दिया गया । डाग स्क्वायड टीम भी पहुंच छानबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। युवक की पहचान ना हो पाने से मामला उलझा हुआ है।।

### कातिलों ने पहले साथ मे शराब पिए उसके बाद की गई हत्या



खदान में युवक की शव मिलने के बाद घटनास्थल पर जांच करते एस पी यमुनापार

### खदान के पास ही पिलाई गई शराब

खदान के पास ही एक जगह पर शराब के पाउच गिलास व नमकीन आदि बिखरे पड़े मिले हैं। माना जा रहा है कि युवक के साथ कुछ अन्य लोगों ने भी शराब पिया और नशे में होने पर उसके सिर पर पत्थर से वार कर करके मौत के घाट उतारने के बाद खदान में फेंक दिया। कातिल भाग निकले। इसके पूर्व भी इसी खदान पर इस तरह के कई मामले हो चुके है। शराब पीने के बाद हत्या कर शव फेके जानें का इस तरह के पांच वर्ष के अंदर यह तीसरा मामला है।

एसओ धीरेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।



युवक का शव गांव पहुंचने पर लोगों की लगी भीड़ तथा ऊपर इन्सेट में मृतक युवक की फाइल फोटो

# लालापुर मझियारी के युवक की राजस्थान में हत्या

### जैसे ही शव गांव पहुंचा आसपास व परिजनों में कोहराम मच गया

**अखंड धीारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के मझियारी गांव के एक युवक की राजस्थान के भीलवाड़ा जनपद में चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई । रविवार के दिन युवक का शव उसके गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया ।लालापुर के मझियारी गांव निवासी बसंत लाल का बेटा संकटमोचन (27) राजस्थान के भीलवाड़ा के किसी कंपनी में मजदूरों का ठेकेदारी का काम किया करता था । बताया जाता है कि उसके ठेकेदारी के कार्य से वहां के कुछ स्थानीय ठेकेदारों का नुकसान हो रहा था ।जिसके चलते संकटमोचन से वहां के ठेकेदार बुरा मानते थे । होली के दो दिन पूर्व कुछ ठेकेदारों ने पार्टी का आयोजन कर संजतमोचन को बुलाया और नशे के बीच विवाद हो तो उसके पेट में चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई । चार बहनों व दो भाइयों सहित माता पिता का एक सहारा था संजट मोचन, रविवार के दिन जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।

# होलिका की रात युवक पर चाकू से हमला

**अखंड भारत संदेश**

**लेडियारी।** होली और होलिका के दौरान खीरी थाना छेत्र में कई जगहों पर जनलेवा हमला,सिर फुटौव्वल समेत आत्महत्या का घटना घटी। जिससे आम जनमानस में होली के त्योहार के प्रति भय का माहौल बना रहा।जिस पर खीरी पुलिस कार्यवाही करती नजर आई।यमुनापार के कोरांव तहसील क्षेत्र में खीरी थाना छेत्र का काफी हिस्सा मध्य प्रदेश के रीवा जिले से लगा हुआ है। जिसमें कई जगहों पर पगडंडी समेत स्थानीय रास्ता बना हुआ है। जिसे कच्ची शराब का आना जाना सुनिश्चित होता रहता है।होली के दौरान भी कच्ची शराब का आना जाना लगा रहा। खीरी थाना क्षेत्र के खीरी थाना से लगभग दो किलोमीटर दूर पूरा दत्तू ग्राम सभा का हिस्सा भी मध्य प्रदेश के रीवा जिले से जुड़ा हुआ है। जहां पर होलिका के रात में शराब पीकर बबई यादव उर्फ बृजेश यादव पुत्र राम बहादुर यादव उम्र 18 वर्ष समेत पिंटू आदिवासी का शराबियों ने चाकू से जमकर कई वार कर दिए ।जिससे बबई यादव का गंभीर हालत में इलाज जारी है ।वही कुछ सूत्रों से चर्च के दौरान पता चला कि हमला फटे हुए बांस के डंडे से किया गया है।इसी तरह थाना क्षेत्र के कोलसरा ग्राम सभा में देवानंद उम्र 35 वर्ष पुत्र बेचन सिंह व अजय कुमार उम्र 16 वर्ष पुत्र विजेंद्र सिंह के बीच पुराने रंजीश समेत रंग लगाने की घटना को लेकर लाठी डंडे से जमकर मारपीट हुई। जिसमें अनीता देवी पत्नी देवानंद का सिर फूट गया ।वहीं अजय कुमार के भाई राजेश सिंह का पैर टूट गया। इसी तरह थाना क्षेत्र के बेलहा ग्राम सभा में लक्ष्मण तिवारी तथा भरत पुत्र गण जटा शंकर तिवारी व शिया लाल आदिवासी के बीच में लाठी-डंडों मारपीट हुआ। जिसमे सिर फूटा और खून बहा।तथा होली के दौरान ही छापर निवासी पूजा मिश्रा के गांव में पता चला कि कुछ नजदीकी लोगों में मारपीट हुआ जिसमे कुछ घायल हुए ।इसी तरह से छोटू चौहान व प्रमोद चौहान निवासी पुरादत्तु में भी होलिका जलाने को लेकर बात विवाद हुआ । जो खीरी पुलिस कुछ गण मान्य लोगो के बीच समझौता कर खत्म किया गया ।इसी तरह डीहार ग्राम सभा में होली के दिन ही सुमन देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी रामलाल पांडेय ने घर के अंदर आग लगा ली जिससे मौत हो गया। मामले में मृतक के परिवारी जनों का कहना है कि महिला पिछले काफी दिनों से बीमार थी। वही मामले में खीरी थानाध्यक्ष बैकुंठ नाथ पांडे ने बताया कि शव का पीएम नहीं कराया गया। वहीं खीरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ज्ञान मिश्र 20उर्फ शिवम मिश्रा पुत्र प्रकाश कुमार मिश्र, दीपक मिश्रा पुत्र विनोद कुमार मिश्र उम्र 25 तथा प्रवीण कुमार रजक पुत्र विक्रमाजीत रजक उम्र 25वर्ष निवासी टोंगा को शराब पीकर आपस में झगड़ा मारपीट करने तथा दीपक आदिवासी पुत्र रामखेलावन उम्र 45 वर्ष तथा शिव कुमार पुत्र दीपक आदिवासी उम्र 22 वर्ष ग्राम सभा चैलारी को आपस में रंग लगाने को लेकर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया।

### डिहार गांव में महिला ने की आत्महत्या, कई जगहों पर शराब के नशे में पैर तोड़ा, सिर फोड़ा

### पानी भरने जा रही किशोरी के साथ अश्लीलता मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** हैंडपंप पर पानी भरने जा रही किशोरी के साथ गांव का युवक छेडखानी करने लगा। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी गई । किशोरी ने शोहदे युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जमखुरी निवासनीय एक किशोरी का आरोप है कि वह हैंडपंप पर पानी भरने जा रही थी । तभी गांव का एक युवक उसको पीछे से पकड़ कर अश्लील हरकतें करने लगा । विरोध पर जान से मारने की धमकी भी दी। किशोरी ने मऊआइमा थाने में रोहित कुमार विश्वकर्मा के खिलाफ छेडखानी और पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

### दो पक्षों में मार पीट कई घायल एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मार पीट हुई । दोनों ओर से कई घायल हुए है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता मजगवां निवासी श्याम लाल पुत्र अलगू का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसके विपक्षी एक राय होकर लाठी डंडों से मारे पीटे । श्यामलाल ने मऊआइमा थाने में नागेंन्द्र कुमार ,लल्लू ,शिवम ,विदेशा ,अंकज ,विवेक ,रेखा ,रंजना ,रिया ,शिवप्रसाद ,बिटोला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर दूसरे पक्ष की रेखा देवी पत्नी नागेंन्द्र कुमार ने श्याम लाल सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है ।

# रत्यौरा मोड़ में नशेड़ियों का जमावड़ा प्रसाशन मौन !

**अखंड भारत संदेश**

**लेडियारी।** थाना कोरांव अन्तर्गत रत्यौरा मोड़ में नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है यहा पर दो बैक एवं एक पेट्रोल पम्प है। यहां पर देशी शराब की दुकान एवं अंग्रेजी सराव भांग की दुकान पर गांजे की दुकान 24 घन्टे खुली रहती है कोरांव पुलिस को यहा से खासी मोंटी रकम की वसूली होती है दीन तो किसी तरह राहगीरों के चलते बीत जाता है लेकिन रात में राहगीरों एवं बाहनो को आने जाने में दिक्कत का सामना उठाना पड़ता है। क्षेत्रीय लोगों ने की बार प्रसाशन को अवगत करा चूके हैं लेकिन भरोसा देते हुए कहते हैं जाइये आप दिखवा लूंगा एवं कार्यवाही कराऊ गा। ग्रामीणों का यह कहना है कि हमारे यहां यह लोकल मार्केट होने के नाते गिरस्ती का सामान लोग यहां से खरीद कर ले जाते हैं इस चौराहे से प्रयागराज जानें के लिए कई गाड़ियां चलती रहती हैं। बड़ोखर, लेडियारी, नारीबारी, पूरव तरफ कोरांव से मान्डा एवं विध्यांचल जाने का सुगम रास्ता है। रत्यौरा मोड़ सब्जी खरिदने के लिए लोगों की लाइन लगी रहती है। वहीं कुछ दूरी पर खीरी थाना क्षेत्र लगा हुआ है लेडियारी बाजार पुरानी होने पर भी क्षेत्रीय लोगों का आवागमन बंद रहता है। पुलिस सहायता केन्द्र पर पुराने दो पुलिस वालों के कार्य सैली के बदौलत लेडियारी बाजार जाना लोग पसन्द नहीं करते हैं। इसलिए रत्यौरा मोड़ पर लोगों का आवागमन लगा रहता है।प्रसाशन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए सराब की दुकानदारो की दुकानें समय से बन्द कराने की मांग क्षेत्रीय लोगों ने की है एवं भाग के दुकान पर अवैध गांजे की बिक्री बन्द कराने की लोगों ने मांग की है।

### देशी शराब की दुकान एवं अंग्रेजी सराव भांग की दुकान पर गांजे की दुकान 24 घन्टे खुली रहती है कोरांव पुलिस को यहा से खासी मोंटी रकम की वसूली होती है

## न्यूज झरोखा- होली पर्व

### होली त्योहार पर प्रधान नजम सिद्दीक ने धूमधाम से उड़ाया लालगुलाल



**करछना।** रंगों का त्योहार होली में विकासखंड करछना के कपठुआ गांव में प्रधान डाक्टर नजम सिद्दीकी के साथ गांव के सभी नौजवान बूढ़े बच्चों सहित बड़े धूमधाम से त्यौहार मनाया इस बीच हिंदू मुस्लिम भाईचारा का एक मिसाल देखने को मिला बड़ी संख्या में प्रधान नजम सिद्दीकी के साथ गांव के संभ्रांत एवं गणमान्य लोगों ने मिलकर एक दूसरे को अबीर और लाल गुलाल रंग लगाकर गले मिले और फागुनी गीतों के ढोलक और मजीरे के थाप पर फागुन गीतों का लुफ्त उठाया और घर में बने गुजिया पापड़ चिप्स पकवान आदि एक दूसरे को मुंह मीठा कराया डाक्टर नजम सिद्दीकी ने ग्रामीणों से सौहार्दपूर्ण होली संपन्न होने पर ग्रामीणों का तहे दिल से शुक्रिया अदा की और कहा कि आने वाले समय में इसी तरह सभी त्यौहार हिंदू और मुस्लिम भाई मिलकर मनाने का संकल्प लिया इस मौके पर बड़ी संख्या में गांव के लोगों ने गांव में टोली बनाकर एक दूसरे को लाल गुलाल लगाया और गले मिले और एक दूसरे को शुभकामनाएं ।

### भडेवरा गांव में आयोजित होली मिलन समारोह में खूब उड़े अबीर गुलाल

**करछना।** ब्लॉक करछना के ग्राम पंचायत भडेवरा में रविवार को ग्राम प्रधान अनुराधा देवी के संयोजकत्व में सामूहिक रूप से होली मिलन समारोह का आयोजन रंगारंग कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ। मिलन समारोह में खूब अबीर गुलाल भी उड़े। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजमणि विश्वकर्मा ने सभी ग्राम वासियों से बारी-बारी से अबीर गुलाल लगाते हुए और गले लगते हुए आपस में एक दूसरे को होली की बधाई भी आदान - प्रदान की गई । वहीं कलाकारों की ओर से संगीतमय फाग गीतों पर मौजूद लोग झूमते रहे । व्यवस्थापक लव कुश विश्वकर्मा दीवान विश्वकर्मा अशोक कुमार विश्वकर्मा अभिषेक विश्वकर्मा की ओर से लोगों में दूध भंगा सहित ठंडई भी पिलाई गई । इस मौके पर विश्वनाथ प्रसाद शुक्ल अलख नारायण शुक्ल उमाकांत पांडेय हरी प्रसाद पांडेय श्याम नंदन तिवारी पिंटू मिश्र सुरेश कुमार मोहनलाल तिवारी विकास पांडेय रामकरन यादव गुलाब विश्वकर्मा अखिलेश विश्वकर्मा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

### कपड़ा फाड़ होली पर शाम तक थिरकते रहे लोग



**नैनी।** बीते कई वर्षों से होली के तीसरे दिन नैनी बाजार में कपड़ा फाड़ होली का आयोजन होता है। समस्त व्यापारी व आसपास के रहने वाले लोग नैनी बाजार में आयोजित कपड़ा फाड़ होली में शामिल होते हैं और हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे को रंग लगाते हैं। फिल्मी गीतों की धुनों पर घंटों झूमते रहते हैं। इस बार नैनी बाजार में सुबह से ही होली खेलने वाले लोग पहुंचे और गीतों की धुनों पर शाम लगभग 4:30 बजे तक नित्य करते रहे। वहीं नैनी बाजार के दोनों तरफ के रास्तों पर पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात रहे। साथ ही बाजार के अंदर पैदल गस्त भी करते रहे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस की जवान मुस्तैद रहे।

### दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के सह प्रभारी बनाए गए



**प्रतापपुर।** दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान लखनऊ की बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण मिश्र एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण मिश्र द्वारा बघेड़ी प्रयागराज निवासी रामप्रकाश शुक्ला को संगठन के प्रति समर्पण भावना को देखते हुए उत्तर प्रदेश का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के पदाधिकारियों द्वारा यह अपेक्षा की गई है कि रामप्रकाश शुक्ला प्रतिष्ठान के सामाजिक कार्यों को उत्तर प्रदेश में गति प्रदान करते हुए सुचारू रूप से आगे बढ़ाएंगे।

### सहयोग करने में दलित युवक को पीटा, थाने में दी तहरीर

**सोरांव।** सोरांव थाना अंतर्गत जमुई ग्राम सभा के दलित दिलीप कुमार पुत्र राम भजन का का कहना है। कि गुरुवार को मैं अशोक नगर चौराहे पर त्योहार का सामान लेने जा रहा था। तथा रास्ते में एक मोटर साइकिल वाला नशे में धुत होकर तेज गति से जा रहा था और अचानक वह सड़क पर गिर गया। तभी मैं उठाने लगा। तो बगल के ही राममिलन पटेल पुत्र दयाराम व साहिल पटेल व योगेंद्र पटेल पुत्रगण राममिलन पटेल ने जाति सूचक शब्दो का प्रयोग कर दलित युवक को लाठी, डंडे, से मारने लगे। जिससे दलित युवक को काफी चोटें लगी हैं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।



सुजावन देव मंदिर स्थित भगवान शिव का पूजा अर्चना करते जिलाधिकारी

### सपरिवार पहुंचे डीएम प्रयागराज ने सुजावन देव की पूजा अर्चना की , जीर्णोध्दार का दिया भरोसा

**घूरपुर।** क्षेत्र के ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल सुजावन देव मंदिर पर रविवार के दिन डीएम प्रयागराज संजय खत्री अपनी पत्नी व बच्चे के साथ पहुंचे । डीएम ने पत्नी के साथ सुजावन देव की विधि विधान से पूजा अर्चना की । इस बीच मंदिर के जीर्णोध्दार के लिए भी डीएम ने वहां के पुजारियों को आश्वस्त किया। रविवार के दिन डीएम प्रयागराज अपनी पत्नी के साथ घूरपुर के देवरिया ,भीटा गांव स्थित यमुना नदी के मध्य स्थित प्राचीन सुजावन देव मंदिर पहुंच गए । डीएम संजय खत्री सुजावन देव मंदिर की प्राकृतिक छटा देख कुछ देर तक मंत्र मुग्ध हो गए । डीएम ने अपनी पत्नी के साथ सुजावन देव का अभिषेक करते हुए विधिवत पूजा अर्चना की । इस मौके पर मौजूद मंदिर के मुख्य पुजारी ज्ञानेंद्र गोस्वामी व प्रधान राजीव गिरी ने मंदिर के कायाकल्प करने की डीएम से बात की तो उन्होंने कहा आप लोग लिखित प्रार्थना पत्र दे मैं पुरातत्व विभाग से बात कर जरूर मंदिर के विकास के लिए प्रयास करूंगा।

# शांति और सौहार्द के साथ बीती होली, डीजे की धुन पर थिरके युवा

**लेडियारी।** प्रेम और मिलन की परिभाषा को चरितार्थ करता हुआ होली का त्यौहार बड़े ही प्रेम एवं शांति के संपूर्ण दक्षिणांचल में बीताक संपूर्ण क्षेत्र में होली के दोनों दिनों भगवा रंग का असर दिखा डीजे की धुन पर सभी उम्र के लोग थिरकते दिखाई दिए' ग्रामीण क्षेत्रों में उक्त त्यौहार की तैयारियां कुछ दिन पूर्व ही शुरू हो जाती हैं ' क्योंकि आज के दिन सभी लोग एक दूसरे को बधाइयां देने और एक दूसरे के मिलने जुलने हेतु आते जाते रहते हैं खीरी थाना अंतर्गत प्रमुख स्थानों पर होली का त्यौहार पुलिस के साए में बीता । किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने पावे जिस हेतु पुलिस प्रशासन पूर्णतया मुस्तैद रहा' बीते पिछले 2 वर्षों से जहां लोग सही ढंग से वैश्विक महामारी के कारण होली त्यौहार को नहीं बना पा रहे थे परंतु इस बार सभी लोगों ने अपनों के बीच जाकर होली का त्यौहार बड़े ही भव्यता और खुशहाली से बीता ' युवाओं द्वारा छोटी छोटी टोली बनाकर एक जगह से दूसरी जगह लोगों से मिलना और उन्हें बधाई देने का ताता लगा रहा ' होली के साथ-साथ शबे बारात का भी त्यौहार था जिसे प्रशासन ने बड़े ही मुस्तैदी के साथ बिताया जिसके लिए संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे होली के हुड़दंग में युवाओं द्वारा गले मिलकर एक दूसरे से अपने-अपने गिले-शिकवे दूर किए गए इस बार सुबह से ही बच्चों और युवाओं द्वारा रंग अबीर और गुलाल लेकर एक दूसरे को सराबोर कर मस्ती करने में संपूर्ण समय को बिताया दोपहर के बाद रंगों का दौर समाप्त हुआ और लोग एक दूसरे के घरों में जाकर होली की बधाई दी गुरुवार देर रात होलिका दहन के साथी फुल को शुरू हो गया था । हवन पूजन के बाद होलिका जलाई गई तत्पश्चात उपस्थित लोगों द्वारा होलिका की परिक्रमा कर होली गीत गाए गए। वहीं दूसरी तरफ महिलाओं ने भी रंग अबीर गुलाल तथा गोबर के बल्ले डालकर एक दूसरे के साथ बड़े ही हर्षिता पूर्वक होली त्यौहार को मनाया । सुबह होते ही बच्चों और युवाओं का झुंड सड़कों पर निकल पड़ा जो भी जान पहचान के लोग मिले उन्हें रंगों से सराबोर कर दिया। खीरी बाजार में होली खेलने के लिए सुबह से ही युवक सड़कों पर निकले और 1:30 दोपहर तक घूम घूम कर होली के गीतों को गाते हुए झूमते हुए एक दूसरे को रंगों में सराबोर करते रहे । इसी तरह लेडियारी कोरांव इटवा लाल तारा सहित तमाम स्थानों पर होली की मस्ती में झूमते युवाओं की टोली एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई देते रहे ' पुलिस द्वारा लोगों से शांति बनाए रखने और प्यार सद्भावना के साथ होली खेलने हेतु अपील की जाती रही साथ ही साथ अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रहे इसके अलावा थानाध्यक्ष बैकुंठ नाथ पाण्डेय अपनी टीम के साथ संपूर्ण दिन भर

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्योहार



**लालापुर।** क्षेत्र के गावों में होली का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।जगह जगह फगुआ गीत के साथ होली का कार्यक्रम रखा गया बाबा बडेश्वर नाथ लालापुर के मंदिर में बड़े हर्षोल्लास के साथ बाबा बड़ेश्वर नाथ के मंदिर मे फाग गाना बजाना के साथ हुआ कार्य सम्पन्न जिसमे प्रधान शंकर लाल पाण्डेय ,नन्दलाल पाण्डेय, हरीलाल पाण्डेय मनोज पाण्डेय मकसूदन पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, बब्बू शुक्ला, बबलू पाण्डेय, विजय कुमार पाण्डेय, प्रधान शंकर लाल पाण्डेय के द्वारा कराया गया जिसमे ग्रामवासी दुबरी महाराज, हरिचंद आदिवासी,आदि मौजूद रहे सभी ग्रामवासी के साथ मनाई गई होली का त्यौहार दूसरी ओर डेराबरी में रामबाबू लेकपाल के द्वारा शिव मंदिर में होली का कार्यक्रम मनाया गया।इस मौके पर डेराबरी के अधिवक्ता आशीष मिश्रा, मनीष मिश्रा, अजय सिंह, अमर सिंह नंदलाल पाल,राम कुमार,शशिकांत पाल सहित आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।उधर सोनवर्षा गांव में तालाब पर स्थित देवी मंदिर में भूपेंद्र नाथ पाण्डेय की अगुवाई में होली मिलन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।इस मौके पर वितेन्द्र कुमार पाण्डेय ग्राम प्रधान सोनवर्षा दुबरी आदिवासी,गणेश पाण्डेय,संजय तिवारी, प्रेम नारायण पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, राहुल तिवारी सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे, इसी तरह नोड़िया तरहार ग्राम प्रधान पति सूरज शुक्ला अपने निवास पर ठंडाई और दूध भंगा का आयोजन किये साथ में संगीत और गीत का भी कार्यक्रम हुआ इस मौके पर ग्राम प्रधान पति सूरज शुक्ला, दरोगा शुक्ला, मयंक शुक्ला, वेद प्रकाश, हीरो, आदि लोग थे।

# अगर तुम हंस कर बोलो तो सिकंदर टूट जाता है....





कुशगढ शिव धाम में कवियों ने विखेरा जलवा

**अखंड भारत संदेस**

**करछना।** क्षेत्र के कुशगढ़ शिव धाम में अभिनव राष्ट्रीय साहित्य मंच द्वाराआयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और होली मिलन समारोह में जमकर ठहाके लगे। मंच पर पहुंचे युवा कवियों ने रचनाओं द्वारा सामाजिक कुरीतियों और राजनीतिक विसंगतियों पर तंज कसते हुए खूब तालियां बटोरी। कवि सम्मेलन का शुभारंभ आलोक सिंह द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना के साथ शुरू हुआ। चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम ने संचालन के दौरान कहा कि अगर तुम हंस कर बोलो तो सिकंदर टूट जाता है, उछलते ज्वार भाटो में समुंदर टूट जाता है। उनकी हास्य क्षणिकाओं पर खूब ठहाके लगे। मंच के अध्यक्ष कवि अली इलियास की धारदार रचनाओं ने श्रोताओं को रोमांचित किया तो वहीं रविशंकर विद्यार्थी के गीतों ने भी खूब समां बांधी। संतोष शुक्ला समर्थ ने कहा,बरगद की पीपल की छांव छू के चला था,मैं घर से अपनी मां के पांव छू के चला था। नजर इलाहाबादी ने व्यंग रचनाओं पर खूब ठहाके लगवाए तो वहीं राजकुमार अंजाना ने भी प्रस्तुत कविता में खूब वाहवाही लूटी। कमलेश कमल, धीरेंद्र सिंह नागा, शशि सुमन ने भी अपनी रचनाओं में लोगों को प्रेम सद्भाव का संदेश दिया। ओज कवि अजय प्रेमी और राजीव गहरवार की रचनाओं पर लोटपोट हो गए। व्यवस्थापक विनायक,राजकुमार मिश्र,रिंकू सिंह,राजेश शुक्ल समेत सभी कवियों को राष्ट्रीय अभिनव साहित्य मंच द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रोता गण मौजूद रहे।

### जसरा में चित्रकूट विश्राम स्थल प्रांगण में आयोजित हुआ विराट कवि सम्मेलन





**जसरा।** चित्रकूट विश्राम स्थल जसरा के प्रांगण में साहित्य संवर्धन संस्थान द्वारा स्मृति शेष शंकरलाल चरणरज की याद में होली मिलन के अवसर पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनकवि प्रकाश शर्मा ने की। सबसे पहले कवि लखन प्रतापगढ़ी ने मां वीणावादिनी की वंदना के बाद कविता होके खुशहाल होली मनाइए,जाके ससुराल होली मनाइए सुनाकर सबको खूब हंसाया। कवियत्री वंदना शुक्ला ने होली में होती है रंगों की बौछार रसिया,सब मिल खेलो रंगारंग का त्योहार रसिया सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कवि राजेन्द्र शुक्ल ने अपनी कविता बुल्डोजर ले आ गई,बाबा की सरकार। निर्बल पुनःसबल बने,दुष्ट हुए लाचार सुनाकर लोगों को खूब ठहाके लगवाए। कवि संतोष शुक्ल समर्थ ने अपनी कविता यहां कान्हा की होली है,यहां घर घर में है राधा सुनाया। इसी तरह कवि रामलोचन सांवरिया ने बुरा न मानो होली होई,माथे टीका रोली होई। हंसी ठिठोली निकालइ का,जब बड़ी पियारी बोली होई सुनाकर सबको खूब हंसाया। अवधी भाषा के मूर्धन्य कवि डा०शिव शंकर मिश्र ने उमड़े फाग इन्द्र धनु बरसे,मन बैरागी नाचे सुनाकर श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। जनकवि प्रकाश ने अपनी कविता होली के हुड़दंग में,कान्हा चले पराइ,राधा से विनती करइं,मुझको लेउ छिपाइ सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कवि वेदानंद ने रंगों से रंग भर दो, रंगीन है जवानी सुनाया। इसी तरह सायर मुराद अहमद मुराद,कवि डा०अमरनाथ सिंह, कवियत्री महक सिंह बघेल,डा०सबरेज अहमद,के०के०शुक्ल,बेचनलाल बिनोदी,बीरेंद्र कुसुमाकर आदि कवियों ने अपनी अपनी रचनायें पढ़ी। कार्यक्रम का संचालन कवि बिहारी लाल अम्बर व आयोजक सुरेन्द्र कुमार केसरवानी ने आये हुए कवियों को मुकुट(मौर) और माला पहनाकर अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। जब कि साहित्य संवर्धन संस्थान के अध्यक्ष विजय चितौरी ने चरणरज सम्मान बंशी लाल केसरवानी को दिया गया। इस अवसर पर रामधनी पाठक,शम्भू नाथ खरे,श्यामाकांत मिश्र,सत्येंद्र प्रताप सिंह, बब्बन सिंह, हीरामन सिंह प्रधान, कमलाकर सिंह, अशोक मलैहा,हरिहर कृपाल त्रिपाठी, भल्लू वैश्य, कुलभूषण मिश्र,बी०डी०पाठक,उपेंद्र द्विवेदी, श्रवण द्विवेदी,गोपालदास केसरवानी,पंचमलाल केसरवानी सहित सैकड़ों श्रोतागण मौजूद रहे।

# वार्ड बॉय पंकज पटेल की गला रेत कर हत्या

## रविवार की सुबह अपने आवास पर खून से लथपथ मिली थी लाश



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व परिजन



मृतक पंकज की रोती मां तथा इन्सेट में मृतक पंकज पटेल की फाइल फोटो



पंकज की रोती बिलखती पत्नी व बच्चे

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मेडिकल कॉलेज में कार्यरत पंकज पटेल(35) की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका खून से लथपथ शव कॉलेज परिसर के भीतर बने सरकारी क्वार्टर में मिला। वह 18 मार्च की रात आखिरी बार देखा गया था। फोन न उठने पर करीबी दोस्त सुबह कमरे पर पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है।पंकज मूल रूप से नवाबगंज का रहने वाला था। उसके पिता रामराज पटेल मेडिकल कॉलेज में लिपिक थे। जिनकी मौत के बाद पंकज को वार्ड ब्वॉय के पद पर नौकरी मिली थी। वह पहले अल्लापुर में रहता था लेकिन कुछ समय पहले उसने मकान बेच दिया था और मेडिकल कॉलेज परिसर में बने सरकारी क्वॉर्टर में रहने लगा था।उसकी शादी कुसुम निवासी फाफामऊ से हुई थी और उसके दो बेटे भी थे। पुलिस के मुताबिक, होली मनाने के लिए कुछ दिनों पहले कुसुम बच्चों को लेकर मायकेचली गई थी। 17 मार्च को पंकज दोस्त गोलू निवासी अल्लापुर के साथ अपने ससुराल गया था और अगले दिन वापस चला आया।पत्नी कुसुम ने बताया कि 19 मार्च को पूरे दिन कॉल करती रही लेकिन पंकज का फोन नहीं उठा। रविवार सुबह उसने फोन कर गोलू को जानकारी दी तो वह कमरे पर पहुंचा। वह जैसे ही कमरे में घुसा, उसके होश उड़ गए। भीतर पंकज का खून से लथपथ शव पड़ा था। गला रेतने के साथ ही उसके सिर पर भी चोट केनिशान थे।

**नृशंस हत्या की खबर से फैली सनसनी :** मेडिकल कॉलेज के भीतर हत्या की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी पर एसपी सिटी, सीओ कर्नलगंज समेत तमाम अफसर पहुंच गए। फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। जानकारी पर कुछ देर बाद पत्नी व अन्य परिजन भी आ गए। पति का शव देखकर वह बिलखने लगी। उधर मां का भी रो-रोकर बुरा हाल रहा। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को कमरे से शराब की खाली बोतलें व ग्लास मिली हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या में किसी करीबी का भी हाथ हो सकता है। फोरेंसिक टीम ने ग्लास व बोतलों से फिंगर प्रिंट केनमूने एकत्र किए। खोजी कुत्ता भी कमरे के आसपास ही घूमता रहा। पुलिस ने परिजनों से लंबी पूछताछ की लेकिन वह भी हत्या की वजह नहीं बता सके। किसी रंजिश की बात से भी वह इंकार करते रहे।

**3 दिनों से लगातार शहर में हो रहे मर्डर**

प्रयागराज जिले में बीते 36 घंटे में हत्या की यह सातवीं वारदात है। होली के दिन अल्लापुर में डबल मर्डर, होली के दूसरे दिन खुल्दाबाद में डबल मर्डर, कोतवाली थाना क्षेत्र के शहराराबाद में वृद्ध की पीटकर हत्या, घूरपुर में भी युवक की हत्या कर शव पहाड़ी पर फेंक दिया गया। नवाबगंज में डीजे संचालक की हत्या के बाद अब मेडिकल कॉलेज कर्मचारी की निर्मम हत्या से कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

**आशनाई, संपत्ति की बिंदु पर जांच :** सूत्रों का कहना है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को यह बात पता चली है कि पंकज नशे का आदी था। इसके अलावा भी उसके कई शौक थे। इन्हीं आदतों के चलते उसने अपना अल्लापुर स्थित मकान बेच दिया था। जिसके बाद उसकी मां नैनी में जाकर रहने लगी थी। पुलिस आशनाई के साथ ही संपत्ति के बिंदु पर जांच में जुटी है। उसका दोस्त गोलू भी शक के दायरे में है।दरअसल वह मृतक का बेहद करीबी था और अक्सर उसके साथ ही रहता था। चौंकाने वाली बात यह कि रविवार को जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसका कहना था कि वह 18 मार्च को आखिरी बार उससे मिला था और शनिवार को पूरे दिन उससे बात नहीं हुई। पुलिस के शक की वजह यही है कि आखिर हमेशा साथ रहने वाले दोस्त की उसने शनिवार को पूरे दिन खबर क्यों नहीं ली।

**18 की रात ही हो गई थी हत्या :** जांच पड़ताल के बाद पुलिस का कहना है कि शव दो दिन पुराना लग रहा था। गले में हुए जख्म से मौके पर काफी खून भी बहा था जो सूख चुका था। ऐसे में माना जा रहा है कि 18 की रात ही उसकी हत्या कर दी गई थी। कुछ क्लू मिले हैं, जिन पर काम किया जा रहा है। हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल जारी है। - दिनेश कुमार सिंह, एसपी सिटी।

# प्रयागराज में 6 लाख बच्चे पियेंगे पोलियो की खुराक

## डफरिन में बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रविवार से पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने जिला महिला अस्पताल (डफरिन) में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। अभियान 21 मार्च से शुरू होकर 25 मार्च तक चलेगा। इसके लिए 3210 बूथ बनाए गए हैं। यहां स्वास्थ्यकर्मी बच्चों को पोलियो की खुराक पिला रहे हैं।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी और एसीएमओ डॉ. तीरथलाल ने बताया कि प्रयागराज में 6,12484 बच्चों को यह दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए टीमें गठित की गई हैं। करीब 2000 स्वास्थ्य कर्मी इस कार्य में लगाए गए हैं। इनकी मानिटरिंग के लिए 595 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। इसकी प्रतिदिन की रिपोर्ट सीएमओ आफिस को देनी होगी। पांच दिन तक घर-घर जाकर स्वास्थ्यकर्मी शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को यह दवा पिलाएंगे।

### वैक्सीन लगवाने के लिए भी करेंगे प्रेरित

डॉ. तीरथ लाल ने बताया कि जो टीम पल्स पोलियो की खुराक पिलाने के लिए घर घर जाएगी वह कोरोना टीकाकरण के लिए भी लोगों को प्रेरित करेगी। जो लोग कोरोना वैक्सीन नहीं लगवाए हैं उन्हें वैक्सीनेशन के लिए कहा जाएगा या जो लोग एक डोज लगवाकर दूसरी डोज नहीं लगवा सके हैं उन्हें भी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नानक सरन ने स्वास्थ्यकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित आयु का बच्चा इस पोलिया की खुराक पीने से वंचित न रहे। प्रत्येक बच्चे को यह दवा पिलाने के लिए सुनिश्चित किया जाए।




पोलियो की खुराक बच्चे को पिलाते जिलाधिकारी

# पत्रकार वेलफेयर ट्रस्ट ने मनाया होली मिलन समारोह



**मेजा रोड।** पत्रकार वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में मेजारोड के लखनपुर स्थित मां विंध्यवासिनी गेस्ट हाउस में रविवार को होली मिलन व सम्मान समारोह आयोजित किया गया।जिसके मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजा प्रेम शंकर शुक्ल उर्फ मुन्नन शुक्ला और विशिष्ट अतिथि ट्रस्ट के अध्यक्ष संपादक राजेश शुक्ला रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ।मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने पत्रकार वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश शुक्ला की सराहना करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे और सौहार्द का पर्व है।उन्होंने आयोजक अधिवक्ता शकील अहमद के विचारों को बताया कि यही भारतीय संस्कृति की धरोहर है,जो आज के कार्यक्रम में देखें को मिला।सभी पत्रकारों को अपनी लेखनी से क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उजागर करने की बात कही। कार्यक्रम में कवियों और गायक कलाकारों ने अपनी सुंदर प्रस्तुति से समा को बांधे रखा। जिसमें राम नाथ त्रिपाठी,बालेंद्र गौतम,संजय शर्मा,आशीष यादव,चिरकुट इलाहाबादी,अजय प्रेमी,कमलेश कमल,विपिन बिहारी,अली इलियास,रविशंकर विद्यार्थी,आलोक सिंह,शशि सुमन,बबलू सिंह,अनिल परवाना ने अपनी कविता और गीतों से उपस्थित जन समूह को गुदगुदाने का काम किया।कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता राजीव गहरावर ने सफल संचालन किया।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत तिवारी,हरिश्चंद्र त्रिपाठी,सुशील पाण्डेय,प्रेमानंद मिश्र, राजेश गौड़ ,श्रीकांत यादव,उमेश सोनी,कैलाश विश्वकर्मा,दीपक शुक्ला,नवीन सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष मेजारोड पप्पू उपाध्याय,जिला अधिवक्ता संघ अवधेश मिश्रा सहित कई पत्रकारों व समाजसेवियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।अंत में कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता शकील अहमद ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कमल मिश्रा एमएलसी प्रत्याशी का जन संपर्क तेज

**कोरांव।** एमएलसी प्रत्याशी कमल मिश्रा पंचायत परिवार की ओर से घोषित प्रत्याशी ने कोरांव मांडा मेजा करछना आदि में जनसंपर्क किया। श्री मिश्र अखिल भारतीय प्रधान संगठन प्रयागराज की ओर से निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष सहित तमाम ग्राम प्रधानों, बीडीसी मेंबर्स,सभासदों ने चुनावी समर को अंजाम देने के लिए वार्ता की। और सभी ने अपनी अपनी जिम्मेदारी संभाली। श्री मिश्र प्रत्यासी के साथ सत्येंद्र त्रिपाठी, काजी मुअज्जम, लूतर सहित कई लोग जनसंपर्क में रहे। संगठन ने पहली बार अपना प्रत्यासी मैदान में उतारा है। क्योंकि वोट हमारा राज तुम्हारा यह नहीं होने दिया जाएगा। इस निमित्त पंचायतों के समग्र विकास हितार्थ एमएलसी प्रत्यासी खड़ा किया जाना अनिवार्य समझा गया।

# इनोवा अप्पे की टक्कर में 3 की चली गई जान, छह घायल

## नवाबगंज थाना क्षेत्र के रेरुआ गांव स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा, इनोवा पर सवार थे एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, सड़क दुर्घटना की चपेट में आए थे बाइक सवार दंपति



नवाबगंज थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त अप्पे।



दुर्घटनाग्रस्त एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर की इनोवा।

अखंड भारत संदेश

**लालगोपालगंज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हो गया। इनोवा कार और सवारी से भरी अप्पे कि सामने से जोरदार टक्कर हो गई। जिसकी जद में बाइक सवार दंपति भी आ गए। घटना में तीन की मौत हो गई। जबकि छह गंभीर रूप से घायल हैं। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के रेलवा गांव स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को दोपहर में प्रयागराज की तरफ से सवारी भरकर एक अप्पे मंसूराबाद की तरफ आ रहा था। वहीं लखनऊ से प्रयागराज की तरफ एन एच आई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एक इनोवा पर सवार होकर प्रयागराज की तरफ जा रहे थे। रेरुआ गांव के ठीक सामने दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। वाहनों की टक्कर में बाइक सवार दंपति भी चपेट में आ गया। सड़क दुर्घटना में शीलू मिश्रा पत्नी काशी प्रसाद निवासिनी मुनव्वरपुर, श्याम नारायण मिश्र पुत्र इंद्र पाल निवासी जोखू का पुरवा महेशगंज और मृतक अज्ञात पुरुष और 30 वर्ष नाम पता अज्ञात की मौत हो गई। इसके अलावा देव मती रीता, भारत गौतम, राजपति, संतलाल सरोज और महाराज दीन यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को अस्पताल भेजा गया। इनोवा कार पर सवार एन एच आई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को एंबुलेंस पर भेजा गया। घटना देव लोगों के होश उड़ गए थे। हेलो मैं कुछ लोगों की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है।



नवाबगंज के रेरुआ गांव में घटनास्थल पर मौजूद लोग।

## न्यूज झरोखा

### समाजसेवी मोहम्मद गुफरान ने विश्व गौरैया दिवस पर चलाया पंछी बचाओ अभियान




**प्रयागराज।** पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी विश्व गौरैया दिवस पर बाई का बाग पीजन पार्क मे बेजुबान पंछियों को गर्मी से बचाने के लिए मदर टेरेसा फाउडेशन से? समाजसेवी मोहम्मद गुफरान ने ह्यपंछी बचाव अभियानह्न चलाया। जिसमें मिट्टी के प्याले लोगों को वितरण कर कहा गया कि इसमें अपनी छतों और आंगन मे पंछियों के लिये दाना पानी रखें जिससे उनका जीवन बच सके। इस मौके पर पार्क में भी बड़े मिट्टी के प्याले लगाये गये। समाजसेवी मोहम्मद गुफरान ने कहा कि गर्मी में जब हम इंसान पानी को तरस जाते हैं तो इन पक्षियों का क्या होता होगा जो सारा दिन आसमान में उड़ते हैं। गौरेया दिवस के मौके पर मोहल्लों में चिड़ियों के पानी के लिए बर्तन और दाना बांटकर लोगों को जागरुक करें, गर्मी के दिनों में अपने घर की छत पर एक बर्तन में पानी भरकर रखें, गौरैया को खाने के लिए कुछ अनाज छतों और पार्कों में रखें, हरियाली बडायें, छतों पर घोंसला बनाने के लिए कुछ जगह छोड़ें और उनके घोंसलों को नष्ट न करें, अभियान में मोहम्मद गुफरान, मनोज निषाद,निशा मिश्रा, पूनम यादव,अवधेश निषाद,महफुज अरिफ,अहमद हुसेन,शशिकातंआदि लोग उपस्थित थे।

### जनसुनवाई फाउन्डेशन का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**पसना।** जनसुनवाई फाउन्डेशन द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन कोरांव ब्लॉक के सींकी कला गांव में किया गया।कार्यक्रम के संयोजक फाउंडेशन के तहसील प्रभारी विवेक सिंह रानू एडवोकेट ने आये हुए सभी अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया।फाउंडेशन के सदस्यों ने ढोल-मजीरे की थाप पर मनमोहक फाग की सुंदर प्रस्तुति करते हुए आपस मे गले मिलकर एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी कमलेश मिश्र ने अपने सम्बोधन के जरिये लोगों को आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देते हुए बताया कि हमारे देश में हर त्यौहार आपसी प्रेम और सच्चाई का प्रतीक है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फाउंडेशन के ब्लॉक प्रभारी अशोक मिश्रा एडवोकेट,मीडिया प्रभारी संजय मिश्रा,रामू द्विवेदी, अरविंद गुप्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**नैनी।** क्षत्रिय कल्याण समिति के तत्वावधान मे विगत वर्षो की भाति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह नैनी के पीडीए कॉलोनी स्थित एक गेस्ट हाउस में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व आईजी सीपी सिंह मुख्य संरक्षक क्षत्रिय कल्याण समिति एवं मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉक्टर नरेंद्र सिंह गौर रहे। संचालन समिति के महामंत्री डीके सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कवि बिरेंद्र सिंह कुसुमाकर के द्वारा भगवान राम के चरित्र से संबंधित काव्य पाठ से किया गया। वरिष्ठ पत्रकार एवं उत्तर प्रदेश क्षत्रिय महासभा के मंत्री वीरेंद्र सिंह, पत्रकार गजेन्द्र प्रताप सिंह, कृष्ण मुरारी सिंह, भोला सिह, सुनील सिंह आदि ने अपने विचार रखे। कवि फतेबहादुर सिंह ने वीर रस की कविता पाठ के द्वारा लोगों के अंदर जोश भर दिया। समिति में सक्रियता लाने के लिए लोगों का आवाहन करते हुए अंत में समिति के अध्यक्ष गुरु प्रकाश राव द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### आपसी भाईचारे व सौहार्द का प्रतीक है होली पर्व : राजमणि कोल

**रत्योरा।** कोरांव सुरक्षित विधानसभा सीट से दोबारा निर्वाचित हुए भाजपा विधायक राजमणि कोल के स्वागत समारोह लेड़ियारी मंडल के लेडियारी बाजार व खीरी बाजार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक राजमणि कोल का भाजपा कार्यकताओं के द्वारा ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया गया। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राजमणि कोल ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के प्रतीक का पर्व है। इस पर्व पर पूरे वर्ष भर में लोगों द्वारा की गई ईर्ष्या द्वेष एवं कुंठित भावना को खत्म कर आपसी सौहार्द को कायम किया जाता है। लेडियारी एवं खीरी बाजार के प्रत्येक व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर जहां विधायक ने होली की शुभकामनाएं दी, वहीं लोगों ने अबीर, रंग, गुलाल से तराबोर कर दिया। इस दौरान विधायक के साथ प्रमुख रूप से भाजपा नेता रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, बबुआन द्विवेदी, संजय सिंह पटेल, श्याम बाबू केसरवानी, सूर्य प्रताप सिंह समेत क्षेत्र के कई व्यापारी एवं भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे।

# शिव मंदिर परिसर में अधिवक्ता का लटकता मिला शव

**प्रयागराज।** नीमसराय, धूमनगंज के रहने वाले 50 वर्षीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार अवस्थी ने मुंडेरा बाजार स्थित शिव मंदिर परिसर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। रविवार सुबह मंदिर परिसर में लोगों ने फांसी पर लटके अधिवक्ता को देखा तो दंग रह गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर विधिक कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि दो दिन से अधिवक्ता लापता थे। उनके बारे में पता नहीं चल रहा था। उन्होंने शादी नहीं की थी। आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका। मंदिर में पहुंचे अधिवक्ता के भाई शिवकुमार ने शव की पहचान की। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा रहा।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र में शनिवार रात बोलेरो की टक्कर से 35 वर्षीय बाइक सवार मो. ताज की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बोलेरो छोड़कर भाग निकला, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। गढ़ी सराय शाहगंज निवासी मो. ताज प्राइवेट नौकरी करता था। वह घर में अपनी बीवी फरजाना बानो व एक बेटे के साथ रहता था। बताया जाता है कि शनिवार रात वह अकेले बाइक से कुंडा प्रतापगढ़ जा रहा था। फाफामऊ पुल के करीब पहुंचा, तभी सामने से तेज रफ्तार में आई बोलेरो ने टक्कर मार दी। इससे वह जख्मी हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में मातम छा गया।

# सोरांव यूथ क्लब मेजा की टीम ने जीती वॉलीबाल ट्रॉफी

## मांडा थाने के बगल हड़िया गाँव में क्षेत्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** होली के शुभ अवसर पर विकास खंड मांडा के माड़ा थाने के बगल हड़िया गांव के वॉलीबाल खेल मैदान पर क्षेत्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता ₹ संपन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता में कुल 11 टीमों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खेले गए फाइनल मैच का मुकाबला सोरांव यूथ क्लब मेजा व लहरी भईया स्पोर्टिंग क्लब महेवा के बीच हुआ। जिसमें सोरांव यूथ क्लब मेजा की टीम ने लहरी भईया स्पोर्टिंग क्लब महेवा की टीम को सीधे दोनों सेटों में 25-19 और 25-21 अंकों से हराकर क्षेत्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता की ट्रॉफी जीत ली। इसके पूर्व खेले गए सेमीफाइनल के मैचों में लहरी भईया स्पोर्टिंग क्लब महेवा ने आदर्श क्लब अरई की टीम को 25-23, 21-25 और 25-20 अंकों से हराकर तथा दूसरे सेमीफाइनल मैच में सोरांव यूथ क्लब मेजा की टीम ने नव युवक क्लब हड़िया की टीम को 25-17 और 25-19 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। प्रतियोगिता में मुकेश शुक्ला, संतोष भास्कर, योगेंद्र पटेल व आकाश कुमार ने निर्णायक की भूमिका अदा की। विजेता टीम सोरांव यूथ क्लब के विवेक शुक्ला व आदर्श मिश्रा का खेल विशेष रूप से सराहनीय रहा। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी व जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के संरक्षक श्यामकांत शुक्ल ने क्रमशः विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार वितरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान अनिल पांडेय ने की। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव अमरेश मिश्रा ने आये हुए समस्त अथितियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन गुलाम मुस्तफा ने किया और पूरे टूनार्मेंट की कमेंट्री प्रस्तुत की। उक्त अवसर पर आयोजन समिति की ओर से महेश मिश्रा, मंटू द्विवेदी, अंकित मिश्रा, बाबूलाल त्रिपाठी, हर्षित मिश्रा, बच्चन, आलोक मिश्रा, बाबा गिरी, राकेश भास्कर आदि ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहें। पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी व जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारीयों के प्रति तथा भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद व बधाई दी है।



विजेता टीम को ट्राफी देते मुख्य अतिथि

# विधायक ने पोलियो बूथ कोरांव पर सघन पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ



**रत्योरा।** कोरांव सुरक्षित विधानसभा सीट के भाजपा विधायक राजमणि कोल ने रविवार को सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के पोलियो बूथ कोरांव पर किया। विधायक ने दो बूंद जिंदगी की पोलियो खुराक बच्चे को पिलाते हुए सभी क्षेत्रवासियों से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाने की अपील की है। पोलियो अभियान के शुभारंभ के दौरान डिप्टी सीएमओ प्रयागराज डॉ बीएन गुप्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉक्टर केबी सिंह भी मौजूद रहे। अधीक्षक डॉक्टर के पी सिंह ने बताया कि रविवार को कोरांव के कुल 173 पोलियो बूथों पर एएनम, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की मदद से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। उन्होंने आगे बताया कि आगामी 5 दिनों तक यह अभियान चलता रहेगा और हमारे आशा एएनम समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का काम करेंगे। डिप्टी सीएमओ डॉ बीएन गुप्ता व अधीक्षक डॉक्टर केबी सिंह ने क्षेत्र के पोलियो बूथों का निरीक्षण भी किया। जिनमें कौंदी, छापर, लेड़ियारी, खीरी समेत कई पोलियो बूथ शामिल रहे। जहां स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा पोलियो की खुराक पिलाते पाया गया। अधीक्षक डॉक्टर केबी सिंह ने सभी माता-पिता व अभिभावकों से अपील की गई कि वे सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलवाने में सहयोग करें।

# आंगन में खुशियां लेकर आती हैं गौरैया

## गौरैया दिवस पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल ने आयोजित की गोष्ठी, पशु-पक्षियों के संरक्षण के लिये जल पात्रों का हुआ वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के चिलबिला बाजार स्थित कार्यालय पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा गौरैया संरक्षण और संवर्धन के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गौरैया घर-आंगन में खुशिया लेकर आती है। इस दौरान गौरैया संरक्षण व संवर्धन पर जोर दिया।



इसके पूर्व एलायंस क्लब के पदाधिकारियों ने पशु-पक्षियों के संरक्षण के लिए मिट्टी के जल पात्रों का वितरण किया। एलायंस क्लब के अंतर्राष्ट्रीय कमेटी के चेयरमैन समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य ने कहा कि कस्बों गांवों में जो भी झुरमुट-झाड़िया बचे है, उन्हें नष्ट न करें क्योंकि इन जगह पर तमाम परिंदों अपना घरौंदा बसाते हैं। उन्होंने कहा कि बहुमंजिली इमारतों में गौरैया को रहने के लिए पुराने घरों की तरह जगह नहीं मिल पाती। इससे गौरेया को दाना नहीं मिल पाता है। मोबाइल टावरों से निकले वाली तरंगों को भी गौरैयों के लिए हानिकारक माना जा रहा है। इस वहज से गौरैया तेजी से विलुप्त हो रही है। ऐसे में हम सभी को गौरैया संरक्षण के लिए अभियान चलाना होगा। इस मौके पर महिला क्लब की पूनम गुप्ता, देवानन्द, संतोष कुमार, छेदी लाल, अनवर, विवेक यादव, देवेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### विलुप्त हो रही गौरैया को बचाने की चुनौतीः डॉ विजय

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रकृति की अनमोल धरोहर सुबह से लेकर शाम तक घर के आस-पास झुंड में चू-चू ची-ची चहकने वाली लुप्त हो रही गौरैया पक्षी को धरती पर बचाने की हम सबके सामने बड़ी चुनौती है। उक्त बातें अंतर्राष्ट्रीय गौरैया दिवस के अवसर पर कुंडा में गौरैया बचाओ संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव डॉ विजय यादव ने अपने उद्बोधन में उद्गार व्यक्त करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि गौरया हमारे घरों के आसपास घोंसला बनाकर झुंड में रहने वाली पक्षियों की एक प्रजाति है। जो छोटे-छोटे महीन दाना व कीड़े मकोड़ों का आहार करती है। परंतु धरती पर अंधाधुंध रासायनिक खाद व केमिकल्स उसके जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा साबित हो रहा है। इस मौके पर इजहार अहमद शेख, प्रेमनाथ दीक्षित, राजमणि शुक्ला, रंजीत मौर्य, सौरभ वैश्य, रमेश यादव समेत अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# स्टेशन पर आउटडोर खोलने और बंद करने को लेकर चला ड्रामा

## अधिकारी के आदेश को तुगलकी बता रहे कर्मचारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्थानीय जंक्शन पर डिप्टी एसएस चैम्बर आउट डोर को लेकर रविवार को काफी ड्रामा हुआ, जिसमें अधिकारी कर्मचारियों के निशाने पर रहे। उनका कहना है कि अधिकारी जान बूझ कर इस तरह के तुगलकी फरमान जारी करके आपस में लड़ाने का काम कर रहें हैं।

दरअसल, परिचालन के वरिष्ठ अधिकारियों ने मैसेज किया है कि ट्रेन मैनेजरों (गार्ड) को कहीं और न लगाकर ट्रेन पर लगाया जाय। जो भी सुपरवाइजर ऐसा नहीं करेगा। उसके खिलाफ कार्यवाई की जायेगी। उसको तलब किया जायेगा। अधिकारी के तेवर से एसएस,लाबी इंचार्ज की हालत खराब हो गई है। चूंकि आउटडोर में भी गार्डों से ड्यूटी ली जा रही है। लिहाजा वहां से भी गार्डों की छुट्टी कर दी गई। हालांकि आउटडोर बंद करने का अभी तक कोई आदेश नहीं है।

लेकिन कर्मचारियों को लगा कि इसके पीछे आउटडोर को बंद करने की साजिश हो सकती है। यह मानकर लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। रविवार को ऑउट डोर को खोलने और बंद करने का ड्रामा काफी देर तक चला। मामले की नब्ज टटोलने टीआई गये। उन्होंने कर्मचारियों की बात सुनी है।

लेकिन संतुष्ट नहीं कर सके। हालांकि गार्डो ने ट्रेन पर जाने का मन बना लिया है। आखिर कब तक विवाद करेंगे। जब अधिकारी सुन ही नहीं रहा है। कुछ महीने पहले इसी मुद्दे को लेकर अधिकारी और कर्मचारी के बीच विवाद हो गया था। कर्मचारियों का आरोप है कि अधिकारी भी नहीं चाहते कि शांति बनी रहे। फिलहाल इस प्रकरण से यूनियनों ने अपने को अलग कर लिया है।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अखंड भारत संदेश

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र खमपुर दूबे पट्टी निवासी मुलायम यादव की पत्नी कंचन यादव (25) शनिवार की रात में आत्महत्या कर लिया। सुबह जब ससुराल के परिजनों ने कमरा में देखा तो दरवाजा बंद था और आवाज देने पर दरवाजा न खोलने पर दरवाजा तोड़ दिया और देखा तो कंचन की शव फांसी के फंदे पर लटक रहीं थीं।

यह देख ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर घंटों बाद भी पुलिस नहीं पहुंची। ससुराल वालों ने शव को नीचे उतार कर नीचे जमीन पर रक्खा और मायके वालों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे मायके वालों हत्या का आरोप लगाया है। बता दें कि कटनई गाँव प्रयागराज निवासी लालजी ने अपनी बहन का विवाह पाँच वर्ष पहले थाना रानीगंज क्षेत्र के खमपुर दूबे पट्टी निवासी मुलायम यादव के साथ किया था।

### मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

मुलायम मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता है। मुलायम यादव के एक दो वर्ष की बेटी भी है। पुलिस मामले की जांच कर रहीं है। एसओ त्रिलोक नाथ पाण्डेय ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है मौके पर पुलिस भेजकर जांच पड़ताल की जा रही है।

# ट्रेन पकड़ने आई विवाहिता से शौचालय में रेप, आरोपी फरार

## अंतू इलाके की रहने वाली पीड़िता टेलर की पत्नी है, परदेस जाने के लिए दोनो ट्रेन पकड़ने स्टेशन आये थे

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पति संग परदेश जाने के लिये स्थानीय रेलवे जंक्शन पर आई विवाहिता के साथ परिसर के सुलभ शौचालय में दुष्कर्म किये जाने की सनसनीखेज घटना प्रकाश में आई है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी में लग गई है। पीड़िता दर्जी की पत्नी बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार अंतू इलाके की विवाहिता पति संग होली वाली रात को स्टेशन पर आई थी। आरोप है कि जहां उसके साथ रेप किया गया। हालांकि घटना के फौरन बाद गैंगरेप की बात सामने आई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टैंड के कर्मचारी और आरोपी के भाई पान दुकानदार को पकड़कर कोतवाली लाई थी। पुलिस के अनुसार पति का आरोप है कि प्रयागराज जाने के लिए वे लोग ट्रेन पकड़ने आये थे। पत्नी को वेटिंग हाल में बैठाकर वह सामान लेने चला गया। लौटकर आया तो उसकी पत्नी नहीं मिली। शौच जा सकती है, यही सोचकर वह रेलवे परिसर में बने शौचालय में गया। वहां पत्नी जमीन पर पड़ी थी। किसी तरह सामान्य हुई तो उसने बताया कि एक युवक ने उसके साथ अंदर रेप किया और भाग गया। शौचालय से निकलकर जाते समय उसने आरोपी को पहचान लिया और पति को बताया। इस दौरान दोनों में मारपीट हुई। आरोपी का घर नजदीक था। बाद में उसके घरवाले भी आ गये और पति की पिटाई कर दी। दोनो कोतवाली पहुंचे और तहरीर देकर नामजद मुकदमा दर्ज कराया। सीओ सिटी अभय पाण्डेय का कहना है कि पीड़िता के साथ वेटिंग हाल में कुछ गलत हुआ है। वह पति के साथ अहमदाबाद जा रही थी। मुकदमा दर्ज हो गया है। विवाहिता को शौच जाना था। उसने एक युवक से जानकारी मांगी। युवक स्टैंड से चाभी लेकर विवाहिता को शौचालय में ले गया। अंदर से गेट बंद कर लिया और दुष्कर्म किया। वे दो लोग थे, ऐसी भी चर्चा हो रही है। विवाहिता अपनी मर्जी से आरोपी के साथ गई थी। यह भी अफवाह है। जबकि जीआरपी एसओ पप्पू यादव का कहना है कि वेटिंग हाल में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। दावा किया कि उनके पास विवाहिता से बातचीत का वीडियो है। उन्होंने बताया कि उनके पास सीसीटीवी फुटेज भी है। हालांकि सकुर्लेटिंग एरिया के अधिकारी क्षेत्र को लेकर भी विवाद चल रहा है। हालांकि घटना के बाद से एसपी रेलवे ने घटना की जानकारी ली है।

# डॉ० दयाराम मौर्य रत्न सुब्रह्मण्यम भारती पुरस्कार से अलंकृत

## शानदार उपलब्धि पर साहित्यकारों व कवियों ने दी बधाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश द्वारा घोषित सुब्रह्मण्यम भारती पुरस्कार साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न को लखनऊ के कैसरबाग स्थित कलामण्डपम् सभागार भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय में भव्य समारोह में प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि 100 से अधिक पुस्तकों की रचनाकार पद्मश्री डॉ० विद्या विन्दु सिंह ने खचाखच भरे कलामण्डपम् सभागार में डॉ० दयाराम मौर्य रत्न को सुब्रह्मण्यम भारती पुरस्कार से अलंकृत किया।



सुब्रह्मण्यम भारती पुरस्कार से नवाजे जाते डा0 दयाराम मौर्य रत्न।

समारोह की अध्यक्षता श्री आलोक रंजन मुख्य सचिव उ०प्र० शासन (से० नि०) द्वारा की गई। डॉ० योगेन्द्र प्रताप सिंह, शोभा दीक्षित भावना, इन्द्रासन सिंह इंदु विशिष्ट अतिथि रहे। डॉ० दयाराम मौर्य रत्न को महाकाव्य सन्त रविदास प्रकाश के उत्कृष्ट लेखन के लिए एक लाख रुपये के साथ प्रशस्ति पत्र तथा अन्य पुरस्कार सामग्री भेंट की गई। संस्थान द्वारा प्रकाशित पत्रिका अपरिहार्य में डॉ० दयाराम मौर्य रत्न का चित्र सहित परिचय-कृतित्व भी प्रकाशित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के महामंत्री डॉ० दिनेश कुमार अवस्थी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इस शानदार उपलब्धि पर रोशनलाल ऊमरवैश्य, आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, आलोक कुशवाहा, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, श्रीनाथ मौर्य सरस, प्रेमकुमार त्रिपाठी प्रेम, अनिल कुमार निलय, रमेश चन्द्रा, रामकुमार सोनकर, दयाराम मौर्य, रामावतार पंकज ने डॉ० रत्न को हार्दिक बधाई दी। समवेत स्वर में सभी ने कहा कि डॉ० रत्न ने प्रतापगढ़ का नाम साहित्य जगत में रोशन किया है। डॉ० रत्न ने इस उपलब्धि को गृह जनपद प्रतापगढ़ को समर्पित किया है।

### गोपाल की पत्नी मधुरिमा एवं हरिप्रताप का नामांकन आज

**प्रतापगढ़।** आगामी विधान परिषद के चुनाव में सोमवार को नामांकन की अंतिम तिथि को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय जनता पार्टी से पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह एवं वर्तमान सदस्य उत्तर प्रदेश विधान परिषद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल की पत्नी श्रीमती मधुरिमा सिंह आज अपना नामांकन दाखिल करेंगी। जबकि पूर्व में विधानसभा चुनाव के दौरान अक्षय प्रताप सिंह गोपाल नामांकन कर चुके हैं और समाजवादी पार्टी से विजय यादव भी अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

# पट्टी में कल से होगी परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाएं

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील में स्थित सभी प्राथमिक विद्यालयों की परीक्षाएं 22 मार्च से प्रारंभ हो रही है जो 26 मार्च तक चलेंगी। यह परीक्षाएं प्रथम पाली में साढे.नौ बजे से साढे.ग्यारह बजे तक चलेंगी तो दूसरी पाली की परीक्षा साढे.बारह बजे से ढाई बजे तक चलेंगी। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा सभी परिषदीय विद्यालयों को उचित दिशा निर्देश दिया जा चुका है। एनपीआरसी आसपुर देवसरा हरीराम चैधरी ने बताया कि परीक्षाएं 22 मार्च से प्रारम्भ होकर 26 मार्च तक चलेंगी। उन्होंने बताया कि कक्षा एक की परीक्षा हिंदी गणित और अंग्रेजी में मौखिक रूप से ले जाएंगी तो कक्षा दो से लेकर कक्षा 8 तक की परीक्षाएं सभी विषयों की लिखित होगी। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी ने भी उचित दिशा निर्देश एनपीआरसी तथा संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को दिया है। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अठारह हजार नकदी समेत जेवरात चोरी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के रामनगर कोल में पीड़ित के घर शनिवार की रात अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात अंजाम दी। गांव के गिरधारी लाल कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अज्ञात बदमाशों ने पीछे के रास्ते से घर में घुसकर बाक्स का ताला तोड दिया। बाक्स मे रखा अठारह हजार नकद व सोने की कील उठा ले गये।

# भारत की मिलीजुली संस्कृति राष्ट्रीय चरित्र की सर्वश्रेष्ठताः प्रमोद तिवारी

## सांगीपुर में होली मिलन समारोह मे सीडब्ल्यूसी मेंबर ने दिया विकास पर जोर



सांगीपुर मे होली मिलन समारोह को संबोधित करते प्रमोद तिवारी।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच एण्ड को-आर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भारत की मिलीजुली संस्कृति दुनिया मे भारत को ज्ञान के क्षेत्र मे सर्वश्रेष्ठ होने का दर्जा दे रखा है। यह बातें सांगीपुर के गांधी इण्टर कालेज मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि जब तक देश मे गंगा जमुनी संस्कृति की विचारधारा मजबूती के साथ आगे बढ़ती रहेगी हिन्दुस्तान की तरफ कोई भी सिरफिरी ताकत आंख उठा कर नहीं देख सकती। उन्हांने कहा कि वह तथा विधायक मोना यहां प्यार और मोहब्बत के साथ निर्माण के क्षेत्र मे सदैव इस क्षेत्र को अग्रणी बनाये रखेंगे। समारोह की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व संचालन शिक्षक नेता रामबोध शुक्ल ने किया। प्रारम्भ मे प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय ने स्वागत भाषण तथा ब्लाक अध्यक्ष दृगपाल यादव ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह मे लोक गायक अमर बेदर्दी, बिरहा सम्राट जगन्नाथ यादव, शिवलाल प्रेमी ने फॉग के अंदाज मे विकास गीतों से कार्यक्रम मे मौजूद हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह को कामता पटेल, लाल गीतेश्वर प्रताप सिंह, डा. निरंकार सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अरविंद सिंह, रामकृपाल पासी, रिंकू सिंह परिहार, लल्लन सिंह, अशोकधर द्विवेदी, अरविंद मिश्र ने भी संबोधित किया।

### दो दिन बाद भी उपद्रवियों से दूर पुलिस, हौसले बुलंद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गुरूवार की रात नगर पंयायत की बाजार मे रात मे कुछ अज्ञात लोगों ने घर के सामने खड़ी कार व अन्य सामान को तोड़फोड़ करके क्षतिग्रस्त कर दिया था। व्यापारियों ने घटना के सम्बन्ध मे पुलिस को जानकारी भी दी लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से लोगों में नाराजगी पनपने लगी है। स्थानीय नगर पंचायत के कालाकांकर रोड पर अज्ञात उपद्रवियों ने होलिका दहन की रात प्रतिष्ठानों व घरो के सामने रखे फर्नीचर व खड़ी कार समेत कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

# डा0 एसबी शुक्ला अध्यक्ष व डा0 मनोज शुक्ला बने उपाध्यक्ष

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्विवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव प्रांतीय पर्यवेक्षक डा0 अजय कुमार पाण्डेय की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष डा0 संदीप बडोला एवं प्रांतीय महामंत्री डा0 उमेश मिश्रा के साथ प्रांतीय पदाधिकारी डा0 संजय पाण्डेय व डा0 प्रमोद पटेल भी मौजूद रहे।



द्विवार्षिक अधिवेशन पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते चिकित्सक।

चुनाव अधिकारी राज्य कर्मचारी सं0 परिषद के अध्यक्ष सुशील शर्मा तथा रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेश पाण्डेय उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका भी मौजूद रहीं। इस दौरान निर्विरोध नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें डा0 एसबी शुक्ला अध्यक्ष, डा0 उदयराज सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डा0 मनोज शुक्ला उपाध्यक्ष, डा0 राकेश यादव जिला मंत्री, डा0 अनिल कुमार पाण्डेय संगठन मंत्री, डा0 बीके श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, डा0 हरिशंकर सिंह आडीटर व डा0 संतोष कुमार यादव संयुक्त मंत्री बनाये गये। इस दौरान पदाधिकारियों ने होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया जिसमें एक दूसरे को लोगों ने बधाई भी दी।

### बालिका का अपहरणकर्ता धराया

**लालगंज प्रतापगढ़।** मासूम बच्ची को फिरौती के लिए अपहृत करने वाले बदमाश को पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया। भागीपुर कमौरा चैकी इंचार्ज देवीदयाल कश्यप ने रविवार की सुबह आरोपी को पहले से दर्ज मुकदमें मे धारा बढोत्तरी करते हुए जेल भेजा। कोतवाली के कोडरा मांदूपुर निवासी अरूण कुमार पाल की पुत्री आरवी का गांव के ही आरोपी विष्णु प्रताप सिंह उर्फ बोभन ने होली की शाम खेलते समय अपहरण कर लिया था। बालिका के चाचा मुन्ना पाल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया था। बालिका के बरामद होने पर उसके द्वारा यह बताये जाने पर कि आरोपी ने उससे घरवालों से पांच हजार रुपए मंगवाये न जाने पर हत्या की धमकी दी। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ फिरौती व धमकी की भी धाराओं मे बढोत्तरी की।

# पाईकगंज बाजार में महिलाओं ने कलश के साथ निकाली शोभा यात्रा

### 27 मार्च तक होगी श्रीमद् भागवत कथा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां पाईकगंज बाजार में रविवार को श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के आयोजन में महिलाओं ने कलश को सिर पर रखकर डीजे गाजा बाजा के साथ पैदल शोभा यात्रा निकाली गई जो परियावां रेलवे फाटक के निकट से वापस गुलरहीबाग, दुगार्माता मन्दिर होते हुए माता मईया धाम पहुंची। कलश की शोभा यात्रा में रथ पे सवार होकर श्रीमद भागवत कथा ब्यास गुरु मां साध्वी अर्चना मौजूद रहीं। शोभायात्रा में भारी संख्या में बाजार वासी मौजूद रहे। श्रीमद्भागवत कथा का कार्यक्रम 20 मार्च से 27 मार्च तक चलेगा तथा 28 मार्च को समापन पर महाप्रसाद भण्डारा का कार्यक्रम देर रात अनवरत चलता रहेगा।



शोभा यात्रा में शामिल कथा व्यास गुरु मां साध्वी अर्चना।

बता दें कि बाजार निवासी गनेश प्रसाद अग्रहरि एवं संतोषा देवी गया जगन्नाथ स्वामी एवं चारों धाम के दर्शन यात्रोपरान्त के बाद श्रीमद भगवत महापुराण कथा का आयोजन परिजनों ने किया है। शोभा यात्रा में यजमान के पुत्र गण राजू अग्रहरि, संजय अग्रहरि, रिंकू अग्रहरि, सुशील अग्रहरि, रामकुमार अग्रहरि, शिवकुमार अग्रहरि, प्रान अग्रहरि, अनिल अग्रहरि, गनेश अग्रहरि, सजनलाल अग्रहरि, विजय अग्रहरि, विशम्भर नाथ अग्रहरि, ननकऊ अग्रहरि, बच्चन तिवारी, सर्वेश अग्रहरि, अमित अग्रहरि, अजय अग्रहरि सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

### अन्तर्जनपदीय मार्ग के ऊपर बह रहा नहर का पानी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** लगभग 2 महीने से पट्टी राजा बाजार मार्ग पर पुलिस छतिग्रस्त होने से नहर का पानी सड़क के ऊपर बह रहा है। पहले तो चुनाव का हवाला प्रशासन ने दिया लेकिन अब चुनाव समाप्त हो जाने के बाद भी इसकी कोई सुध लेने वाला नहीं है । वही राहगीर और ग्रामीण इससे परेशान है। पट्टी राजा बाजार मार्ग प्रतापगढ़ जनपद को जौनपुर जनपद से जोड़ती है।

# पट्टी के लाल का हुआ असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन

अखंड भारत संदेश



सत्य प्रकाश पाण्डेय

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मजबूत इरादे, और निरंतर अभ्यास और कुछ अलग करने की क्षमता हो तो बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है पट्टी नगर के समीप कुकुवार गांव के रहने वाले सत्य प्रकाश पांडे ने जिनका चयन उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी की अनारक्षित वर्ग में 27 वी रैंक प्राप्त करके हुआ है। साधारण किसान के बेटे उच्चतर शिक्षा के असिस्टेंट प्रोफेसर पद के इस सफर में उन्होंने पढ़ाई के प्रति अपनी रुचि को बनाए रखी और निरंतर अभ्यास करते रहे। इसके पहले वह यूजीसी 2014 में जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण किया था तथा सीएसजेएम यूनिवर्सिटी कानपुर से डायरेक्टर की उपाधि हासिल किया। वर्तमान में वह मिजार्पुर में हिंदी प्रवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डॉक्टर पांडे साधारण किसान के बेटे है। प्रोफेसर के रूप में उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष है।

## खबर संक्षेप

### तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त चन्द्रभान सिंह उर्फ गुण्डू पुत्र चन्दन सिंह निवासी चन्द्रसेन थाना पिपरी को एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं।

### 19 शीशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा दो अभियुक्तो शिवपाल पुत्र दातादीन व गुलबहार पुत्र मो० सद्दीक निवासीगण सराय युसूफ थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 19 शीशी अंग्रेजी शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# युवक ने फांसी लगाकर किया आत्म हत्या

अखंड भारत संदेश

**मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा, पारिवारिक कलह बताई जा रही आत्महत्या का कारण**

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के दारानगर में एक दलित युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है आत्महत्या के पीछे परिवारिक कलह बताई जाती हैं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत दारा नगर में ज्वाला देवी मंदिर के पास स्थित घर मे सोहन पुत्र छोटे सरोज ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है युवक के आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह भी बताई जा रही है जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों की सूचना पर पहुंची कड़ा धाम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।



युवक की मौत के बाद परिजनों से बात करती पुलिस

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त नितेश कुमार पुत्र बच्चा लाल निवासी मोहिउद्दीनपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर जामातलासी से अभियुक्त के कब्जे से एक अदद मोबाइल फोन (जियो कम्पनी का कीपैड़ सफेद रंग) व एक अदद मेमोरी कार्ड चोरी का बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त राजा राम मौर्य पुत्र छेदी लाल निवासी खचकी मई थाना सैनी को सैनी बस स्टैंड से व बादल रावत उर्फ हर्सित पुत्र स्व० राजन निवासी पटेल नगर रेलवे क्रासिंग थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर को धाता रोड़ टैम्पो स्टैड सिराथू से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### कोरोना के दृष्टिगत चेकिंग के दौरान की कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 19 वाहनों का ई चालान किया गया।

# होली मिलने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**दूसरे युवक का गंभीर अवस्था में चल रहा है इलाज**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू बड़ागांव के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है जबकि उसका रिश्तेदार हादसे में घायल है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को लेकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है पोस्टमार्टम से रविवार को पीएम करने के बाद जब शव घर पहुंचा तो फिर कोहराम मच गया है शव का अंतिम संस्कार परिजनों ने कर दिया है दोनों युवक होली के पर्व पर रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे घटना शनिवार की देर रात की है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बलिहावा गांव निवासी प्रमोद कुमार अपने रिश्तेदार अखिलेश कुमार निवासी चलौली के साथ शनिवार की रात 8:00 बजे बाइक से रिश्तेदारों से होली मिलने जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार काजू बड़ा गांव के पास पहुंचे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े कुछ लोगों का कहना है कि ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया है हादसे में दोनों युवक गंभीर घायल हो गए है प्रमोद कुमार की मौके पर मौत हो गई हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे में घायल अखिलेश कुमार को घायल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी है गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें इलाहाबाद रिफर कर दिया है।

### ढीले विद्युत तार ने ले ली गोवंश की जान

**कौशांबी।** नगर पालिका मंझनपुर द्वारा कस्बे में गौ संरक्षण केंद्र का संचालन कराया जा रहा है गौ संरक्षण केंद्र के ऊपर से हाई वोल्टेज विद्युत तार की सप्लाई है हाई वोल्टेज विद्युत ढीली है जिससे हाई वोल्टेज तार में पूर्व में कई बार शॉर्ट सर्किट और चिंगारी निकल चुकी है लेकिन नगरपालिका ने इस गंभीर विषय को नजरअंदाज कर दिया रविवार की सुबह फिर विद्युत तार में शॉर्ट सर्किट होने लगा और तेज चिंगारी के बाद तार टूट कर नीचे गिर गई हाई वोल्टेज तार गिर जाने से एक गोवंश की झुलस कर मौके पर मौत हो गई है और कुछ अन्य पशु झुलस गए हैं पड़ोस की एक बच्ची उधर से गुजर रही थी जिसे देख कर लोग भागने लगे और हो हल्ला मचाकर बच्ची को तार की ओर जाने से रोका लोगों ने प्रयास करके बच्ची को बचा लिया है इस मामले में भी विद्युत विभाग और नगर पालिका की घोर लापरवाही उजागर हुई है हाई वोल्टेज तार टूट जाने के बाद ठीक करने पहुंचे विद्युत कर्मियों को ग्रामीणों ने ललकारते हुए भगा दिया है जिसकी शिकायत विद्युत कर्मियों ने पुलिस अधिकारियों से की है जिस पर भारी फोर्स के साथ कोतवाली पुलिस पहुंची है और मोहल्ले के लोगों को समझा-बुझाकर आक्रोश शांत कराया है मोहल्ले के लोगों के शांत होने के बाद हाई वोल्टेज तार को ठीक किया गया है।

# गौसंरक्षण केंद्र में 370 पशुओं में मौके पर बचे डेढ़ सौ गोवंश

अखंड भारत संदेश

**गौ संरक्षण केंद्र में पशुओं की लगातार घटती जनसंख्या चिंता का विषय, गौ संरक्षण केंद्र से कम हो रहे पशुओं का जवाब देह कौन**

**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** नेवादा विकास खण्ड के ग्राम सभा बरियावां में गौशाला में लगातार गोवंश की संख्या कम हो रही है पूर्व में इस गोसंरक्षण केंद्र में 370 गोवंश संरक्षित किए गए थे लेकिन वर्तमान में इस गौ संरक्षण केंद्र में डेढ़ सौ पशुओं के आसपास शेष बचे हैं आखिर 200 से अधिक पशु कहां गायब हो गए हैं इस बात का जवाब देने से जिम्मेदार कतराते हैं ग्रामीणों की माने तो गौ संरक्षण केंद्र में अव्यवस्था और चारा पानी की कमी के चलते एक-एक करके गोवंश की मौत हो चुकी है लेकिन इस आंकड़े पर जिम्मेदार जवाब नहीं देना चाहते हैं ग्रामीणों की मानें तो वर्तमान में इस गौ संरक्षण केंद्र में डेढ़ सौ पशु ही बचे हैं उन्हें भी भूसा चारा की व्यवस्था जिम्मेदार नहीं करा रहे हैं लाखों रुपया महीने का बजट गौ संरक्षण केंद्र की देखरेख व्यवस्था के लिए सरकार से मिलने के बाद भी गो संरक्षण केंद्र की दुर्दशा बेहद चिंता का विषय है। बरियावा गोसंरक्षण केंद्र में बीते एक हफ्ता से भूसा ना उपलब्ध होने से गोवंश भूखे मर रहे हैं बिना चारा पानी के तड़प रहे गोवंश को योगी आदित्यनाथ की सरकार में देखने वाला कोई नहीं है इस गौ संरक्षण केंद्र में तनिक भी भूसा नहीं मौजूद है जिससे रोजाना गाय भूखे मर रही है सरकार ने भूसा की व्यवस्था के लिए अन्य लोगों को जिम्मेदारी दी है अब भूसा पहुंचाया जाता है या फिर बिना पहुंचाए ही गायब हो जाता है ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान और सेक्रेटरी की मिलीभगत से गेहूं के भूसा बेच लेते हैं गौ संरक्षण केंद्र में पशुओं को देने के लिए मिलने वाला चोकर भी 2 कुंटल प्रत्येक महीने बेच लेते हैं प्रतिदिन 14000 हजार रुपए का इस केंद्र में जिम्मेदारों द्वारा भूसा बेच लिए जाने का आरोप ग्रामीण लगा रहे हैं भूसे की जगह पर कभी कभी सरसों का भूसा मंगाकर पशुओं के सामने परोसा जाता है लेकिन इधर कई दिनों से सरसों का भूसा भी नहीं मंगाया गया हैं ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला में गोवंश की संख्या 370 होना चाहिए जो कि मौके पर डेढ़ सौ गाय गौ संरक्षण केंद्र में दिखाई पड़ रही है जो बड़ी जांच का विषय है लेकिन जांच करने से अधिकारी कतराते हैं जिससे गो संरक्षण केंद्र की देखरेख में लगे लोग मलाई काट रहे हैं।



गो संरक्षण केंद्र का दृश्य

# पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम का सीएमओ ने किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि पोलियो का उन्मूलन बेहद जरूरी है यह बेहद खतरनाक बीमारी है**

**कौशाम्बी।** विश्व से पोलियो का समूल उन्मूलन करने के लिए सरकार लगी है इसी क्रम में दिनांक 20 मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंझनपुर कौशांबी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा फीता काटकर पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि पोलियो का उन्मूलन बेहद जरूरी है यह बेहद खतरनाक बीमारी है और जिस व्यक्ति को पोलियो की बीमारी हो जाती है उसका जीवन बेकार हो जाता है उन्होंने कहा कि इसलिए पोलियो के उन्मूलन में सभी के सहयोग की आवश्यकता है इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हिंद प्रकाशमणि, डॉक्टर शोएब अंसारी, डीएमसी प्रदीप पाल, विश्व स्वास्थ्य संगठन मॉनिटर आलोक दुबे बी0सी0पी0एम0 घनश्याम पाल, बीएमसी अरविंद पांडे तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



बच्चे को पोलियो की दवा पिलाकर शुभारंभ करते सीएमओ

# आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने आधी रात को लूटा पेट्रोल पंप

**कौशांबी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के बेनी राम कटरा पुलिस चौकी से कुछ दूर पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर तमंचा धारी नकाबपोश लुटेरों ने आधी रात को पेट्रोल पंप कर्मी से लूटपाट की है पेट्रोल पंप में लूटपाट करने वाले लुटेरे दो बाइक से आए थे जिनकी संख्या छह बताई जाती है लुटेरों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है खबर लिखे जाने तक पेट्रोल पंप लूट कांड की घटना के खुलासे में पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। बताया जाता है कि बेनी राम कटरा चौकी पुलिस से कुछ दूर पर ओम साईं फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप मौजूद है रात्रि 11:00 पेट्रोल पंप में दो बाइक में छह युवक पहुंचे जिनके चेहरे ढके हुए थे पेट्रोल डलवाने के बाद नकाबपोश बदमाशों ने कर्मचारियों को डरा धमका कर पंप की रकम लूट ली है कर्मचारियों ने बताया कि मौके पर 5 हजार रुपए मौजूद थे जिसे नकाबपोश बदमाश लूट ले गए हैं दिन-रात ओवरलोड वाहनों से अवैध वसूली में मस्त पुलिस चौकी से कुछ दूर पर बाइक सवार गैंग द्वारा आधी रात को लूट की घटना को अंजाम देने के बाद एक बार फिर खाकी की छीछालेदर हो रही है पेट्रोल पंप लूट कांड का खुलासा करने के बजाय बेनी राम कटरा चौकी पुलिस घटना के बाद भी ओवरलोड वाहनों से वसूली में मस्त बताई जाती है ओम साईं फिलिंग स्टेशन बेनी राम कटरा में 11:00 बजे रात को बेखौफ नकाबपोश बदमाशों द्वारा वारदात को अंजाम दिए जाने के बाद पेट्रोल पंप मालिक ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है लेकिन खबर लिखे जाने तक घटना का खुलासा नहीं हो सका है पेट्रोल पंप लूट कांड के बाद अन्य पेट्रोल पंप संचालक दहशत में दिखाई पड़ है।

# तीसरे दिन भी हुड़दंग मस्ती के बीच मनाया गया होली का पर्व

**डीजे के धुन पर डांस करते हुए रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी**



मंझनपुर में कपड़ा फाड़ होली खेलते युवक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** होली के पर्व में तीसरे दिन में जनपद मुख्यालय मंझनपुर के कस्बे के अंदर उत्साहित युवकों ने बड़े ही धूमधाम से रंग का पर्व मनाया है सुबह से ही सड़कों पर युवकों की टोली निकल आई है और डीजे के धुन पर डांस करते हुए रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी हैं दोपहर तक सड़कों पर रंग का छिड़काव होता रहा तीसरे दिन रंग खेले जाने से उस मोहल्ले से निकलने में लोग बचते दिखाई पड़े हैं देर शाम नगर के लोगों ने धूमधाम से बारात निकाली है हुड़दंग मस्ती के बीच तीसरे दिन भी होली का पर्व मनाया गया है एक दूसरे के घरों में जाकर लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर पकवान खाएं और होली की बधाई दी है इसी तरह सराय अकिल कस्बा और कड़ा में तीसरे दिन होली का पर्व मनाया गया है।

### ककोढा गांव में फगुआ गीत गाकर मनाया गया होली मिलन समारोह



होली मिलन करते ग्रामीण

**कोखराज कौशाम्बी।** रंगों के पर्व होली के अवसर पर ककोढा गांव में ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के साथ मिलकर होली मिलन समारोह का आयोजन किया होली के मस्ती में लोग झूमे 2 दिनों तक गांव में सुबह से बच्चे महिला पुरुष सभी ने मिलकर होली खेली और जमकर हुड़दंग मचाया इस मौके पर ग्रामीणों को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई होली मिलन समारोह में ग्राम प्रधान के साथ फगुआ गीत गा कर ग्रामीणों ने होली पर्व को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया है।

### अबीर गुलाल लगाकर चरवा थाने में मनाई गई होली

**चरवा कौशांबी।** होली के दूसरे दिन सुबह से दोपहर तक जहां रंगों से होली खेली गई वही दोपहर बाद लोग एक दूसरे को अबीर लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। जैसा कि होली रंगों की मस्ती और हुडदंग का त्यौहार है। इसी क्रम में चरवा थाने में एक ऐसी होली खेली जाती है वैसी होली का नजारा शायद ही कही और ही देखने को मिलता हो। ये होली सबसे अनोखी है क्योंकि यहाँ पर खेली जाने वाली होली के रंगों का शुरूर होली खेलने वालो पर कुछ ऐसा सवार होता है कि लोग रंग लगाते लगाते एक दूसरे का कपडा ही फाड़ देते है लेकिन जरा होली की मस्ती देखिये की लोग इसका जरा भी बुरा नहीं मानते और उसके बाद शुरू होता है साउंड की धुनों पर नाचने का सिलसिला जो दोपहर दो बजे तक नानस्टाप चलता रहता है। लोग एक दूसरे के ऊपर रंग और गुलाल की बारिश करते है और ऊपर से चारों ओर से रंगों की बौछार सोने में सुहागा का काम करती है। ऊपर लटके तारों पर जब नजर आती है तो लोगों के फटे कपडे टंगे नजर आते है और नीचे देखिये तो अर्धनग्न लोगों के ऊपर रंग का शुरूर अपने चरम पर होता है। चरवा थाने में होने वाली ये कपडा फाड़ होली बरसों से होती आ रही है।



चारवा थाने में होली खेलते पुलिस और युवक

# 21 मार्च से चलेगा मातृ वंदना सप्ताह

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पहली बार गर्भवती/धात्री महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और पोषण के लिए पूरे देश में चलायी जा रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को गति प्रदान के लिए प्रदेश में 21 से 27 तक मातृ वंदना सप्ताह मनाया जाएगा सिफ्सा की अधिशाषी निदेशक व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश की निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को इस सम्बन्ध में पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं जिसमे उन्होंने बताया हैं कि योजना के अंतर्गत फरवरी 2022 तक 54.7 लाख गर्भवती महिलाओं एवं माताओं को लाभ दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके सापेक्ष प्रदेश की उपलब्धि 47.07 लाख दर्ज की गयी जो 86 प्रतिशत रही वर्ष 2021-22 के वार्षिक लक्ष्य 10.58 लाख के सापेक्ष 8.2 लाख उपलब्धि रही हैं जो कि वार्षिक लक्ष्य का 78 प्रतिशत ही है जिसे पूरा करने के लिए पंजीकरण अभियान चलने के निर्देश दिए गए हैं

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कमल राय चन्द ने कहा है कि सप्ताह के दौरान सभी पात्र गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभ पहुँचाने पर जोर दिया जाए जनसामान्य तक ज्यादा से ज्यादा योजना का प्रचार-प्रसार हो और स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा दिया जाए हर पात्र लाभार्थी को अपना पंजीकरण अवश्य कराएँ। गर्भवती को उचित आराम व पोषण की जरूरत के बारे में बताया जाये और नियमित प्रसव पूर्व देखभाल की आवश्यकता बताई जाए क्योंकि एक हृष्ट-पुष्ट शिशु के लिए जरूरी है कि गर्भवती के पोषण का खास ख्याल रखे हरी साग-सब्जियों व मौसमी फल को नियमित भोजन में शामिल किया करे गर्भवती को यह भी बताएं कि संस्थागत प्रसव में ही माँ-बच्चे की सुरक्षा निहित है व शिशु टीकाकरण बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है जिला कार्यक्रम समन्वयक ने विष्णु गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2021-22 के वार्षिक लक्ष्य 8508 के सापेक्ष 7997 उपलब्धि रही हैं जो कि वार्षिक लक्ष्य का 94 प्रतिशत है जिसे पूरा करने के लिए शासन की तरफ से आदेश प्राप्त हो चुके हैं। इसी क्रमबद्ध 21 से 27 तक मातृ वंदना सप्ताह मनाया जाएगा जिसमे हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शिविर लगा कर ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी को पंजीकृत किया जायेगा उन्होंने बताया कि जनपद कौशाम्बी में योजना शुरू होने (1 जनवरी 2017)से लेकर अभी तक 42631 लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा चूका हैं` साथ ही उनकी राशि बैंक खाते में निर्गत भी की जा रही हैं।

**स्वयं केंद्र पर जाकर एवं आशा की सहायता से पंजीकरण जरुर कराएँ**

### योजना के तहत तीन किश्तों में मिलते हैं 5000 रुपए

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के जनपद कौशाम्बी के नोडल अधिकारी डॉ. एस,एन यादव ने बताया कि पहली बार गर्भवती होने पर योजना के तहत पंजीकरण के लिए गर्भवती और उसके पति का कोई पहचान पत्र या आधार कार्ड, मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड, बैंक पासबुक की फोटो कापी जरूरी है बैंक अकाउंट ज्वाइंट नहीं होना चाहिए पंजीकरण के साथ ही गर्भवती को प्रथम किश्त के रूप में 1000 रुपये दिए जाते हैं प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने और गर्भावस्था के छह माह बाद दूसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये और बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने और बच्चे के प्रथम चक्र का टीकाकरण पूरा होने पर धात्री महिला को तीसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये दिए जाते हैं। यह सभी भुगतान गर्भवती के बैंक खाते में ही किये जाते हैं।

### चोरी के समान के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त राम चन्द्र यादव पुत्र बोधी लाल यादव निवासी नौगिरा थाना मझनपुर को चोरी की इक अदद लोटा पीली धातू व एक जोड़ी बिछिया सफेद धातू के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइसा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त मो० शारिक पुत्र सहादत अली निवासी ऐमावारी काविपुर थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# बेखौफ तरीके से हो रही है मंझनपुर तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीन में कब्जा

अखंड भारत संदेश

**सरकारी जमीनों पर कब्जा कराने वाला लेखपाल बना अधिकारियों का नयनतारा**

**सरकारी जमीन को कब्जा करा कर धनादोहन में जुटे चर्चित लेखपाल को बर्खास्त कर सरकारी संपत्ति बचाए जाने की बुलंद की ग्रामीणों ने आवाज**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील में एक ऐसा लेखपाल है जिसकी तैनाती तहसील क्षेत्र के जिस गांव में हुई है वहां कई एकड़ सरकारी जमीनों पर कब्जा करा कर लेखपाल ने अवैध कब्जा धारकों से लाखों की रकम वसूली है सरकारी जमीन को कब्जा करा कर अवैध वसूली में लिप्त लेखपाल के कारनामे पर तहसीलदार और उप जिलाधिकारियों ने भी अभी तक कार्यवाही नहीं की है ऐसे भ्रस्ट लेखपाल को चिन्हित कर लेखपाल को बर्खास्त किए जाने की मांग ग्रामीण जनता ने सरकार से की है यह चर्चित लेखपाल एक माननीय का खासम खास बताया जाता है जिससे लेखपाल पर कार्यवाही करने से अधिकारी भय खाते हैं। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं में सरकारी जमीन को कब्जा कराने की आड़ में व्यवसाय बना कर लाखों की रकम वसूलने वाला भ्रस्ट लेखपाल ने मंझनपुर तहसील क्षेत्र के खुर्रम पुर बजहा और रसूलपुर सोनी सहित कई गांव में तैनाती के दौरान सरकारी जमीनों में कब्जा कराने के मामले में बदनाम हो चुका है आला अधिकारियों को भी लेखपाल बराबर झूठी सूचना देकर अपना बचाव करने का प्रयास कर रहा है यदि खुर्रामपुर बजहा गांव की बात करें तो कई बीघा सरकारी जमीन और ब्रिटिश पीरियड के स्कूल की सरकारी खाली जमीन तालाब आदि की भूमि में लेखपाल ने कब्जा करा कर लाखों रुपए की रकम वसूल ली है इसी तरह रसूलपुर सोनी गांव में 3 बीघे के तालाब सहित कई अन्य सरकारी भूमि पर इसी बदनाम लेखपाल ने कब्जा करा कर लाखों की रकम वसूली है लेकिन लाखों की रकम वसूलने वाला यह लेखपाल अधिकारियों का नयनतारा बना हुआ है और लेखपाल के गुनाह पर अधिकारी अंजान बने हैं इतना ही नहीं यह लेखपाल राजस्व अभिलेखों में दर्ज किसानों की भूमि पर भी हेराफेरी कर विवाद की स्थिति उत्पन्न कर धनादोहन में जुटा हुआ है इस मामले में भी लेखपाल अधिकारियों को झूठी सूचना दे रहा है मंझनपुर तहसील के इस चर्चित लेखपाल के कारनामे को संज्ञान लेते हुए लेखपाल पर कठोर कार्रवाई करते हुए जहां सरकारी संपत्तियों को बचाए जाने की जरूरत है वहीं बदनाम लेखपाल पर मुकदमा दर्ज कराते हुए इसे बर्खास्त किए जाने की आवाज ग्रामीणों ने बुलंद की।

# चिंतनीय स्थितिः जल की कमी का संकट

संपादकीय

## बीजेपी में मुख्यमंत्री बनाने को लेकर माथापच्ची

**विश्व** के सबसे बड़े और मजबूत लोकतंत्र में हाल ही में 10 मार्च 2022 को घोषित चुनाव परिणामों में जहां मतदाताओं की ताकत, वैचारिक शक्ति, संकल्प, विश्वास और आस्था देखने को मिली वहीं हितकारी, लाभकारी योजनाओं, जनता से जुड़े मुद्दों, विकास के प्रति समर्पण भावना इत्यादि सहित कई वजहों से नतीजों में पहली बार हतप्रभ होने की स्थिति युवाओं में देखने को मिली क्योंकि इन चुनावों में नामी चेहरे, वर्तमान मुख्यमंत्री, घोषित भावी मुख्यमंत्री सहित अनेक ऐसे उम्मीदवारों को हार के रूप में असफलता देखने को मिली जिसका अंदाजा शायद सभी को नहीं होगा परंतु यह तो जनता जनार्दन का कमाल है 1974 में रिलीज हुई रोटी फिल्म का गाना सब जानते होंगे कि, वह चाहे तो स्तर पर बिठा दे चाहे फेंक दे नीचे पहले यह पीछे भागे फिर भागो इसके पीछे, दिल टूटे जो यह रुठे तो यह तो पब्लिक है सब जानती है यह तो पब्लिक है!!! साथियों बात अगर हम पांच राज्यों में विजेता राजनीतिक पार्टियों की करें तो चार में एक राजनीतिक पार्टी ने सत्ता वापसी की और एक ने बड़े हतप्रभ अंतर 117 में से 92 सीटों पर चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया है!! अब पांचों राज्यों में सरकार बनाने की माथापच्ची चल रही है जिसमें मेरा मानना है कि आलाकमान को नया मंत्रिमंडल गठन में मिशन 2024 का रणनीतिक रोडमैप बिठानें की संभावना को तलाशना होगा क्योंकि अगला सांसद चुनाव 2024 में करीब 2 वर्ष का समय बचा है जिसकी तैयारियों की झलक के रूप में मंत्रिमंडल गठन में दी जा सकती है क्योंकि हर सरकार को महिलाओं, जातिगत, क्षेत्रवाद पर बैलेंस के साथके अलावा कुशल प्रशासन भी देना है ताकि आनेवाले लोकसभा चुनाव 2024 में विकास और सभी पक्षों का बैलेंस बिठाया जा सके जो एक चुनौतीपूर्ण कार्य है परंतु विश्व प्रसिद्ध भारतीय बौद्धिक क्षमता इस चुनौती को कुशलता से पार करेगी ऐसा मेरा हमें विश्वास है!!! साथियों बात अगर हम पांच में से दो राज्यों की करें तो एक राज्य में 19 मार्च 2022 को सरकार गठित होकर दोपहर में मंत्रिमंडल की बैठक हुई तथा वहां के सीएम ने तो पहले ही भ्रष्टाचार पर नकेल कसने, रंगला प्रदेश बनाने सहित अनेक बातें कहीं सरकार के 10 मंत्रियों ने शपथ ली उम्मीद है सुशासन के साथ ही 2024 के में इस मंत्रिमंडल के दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे दूसरा भारत के सबसे बड़े राज्य में 25 मार्च को इकाना स्टेडियम में शपथ लेने की जानकारी मीडिया में आई है इस राज्य में सहयोगी दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था तो स्वभाविक है उनका भी ध्यान रखना होगा जिसके लिए मीडिया के अनुसार, सहयोगी दलों के साथ पार्टी अध्यक्ष बैठक कर चुके हैं।

पहले उनकी मुलाकात एक दल से हुई, इस चुनाव में 17 सीटों पर लड़ कर दूसरे दल के 12 विधायक चुने गए हैं। पिछली सरकार में दूसरे दल के कोटे से एक को मंत्री बनाया गया था। इस बार पार्टी एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री की मांग कर रही है दूसरे सहयोगी दल भी इसी मूड में है. पार्टी के कुछ लोग सत्ताधारी पार्टी के सिंबल पर लड़े तो कुछ अपने चुनाव निशान पर। पांच विधायक सत्ताधारी पार्टी के सिंबल पर तो छह निषाद पार्टी के सिंबल पर चुनाव जीते हैं। साथियों बात अगर हम पार्टियों द्वारा जारी घोषणापत्र सुशासन, बैलेंसड दूरगामी सोच की करें तो सरकार का गठन करने पर हर मुद्दों को गहराई से देखकर रेखांकित करना होगा क्योंकि थोड़ी सी भी चूक वोटों का भारी नुकसान परीलिक्षित कर सकता है याने जनता के उम्मीदों पर खरा उतरना होगा।

**योगेश कुमार गोयल**

पृथ्वी का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से लबालब है लेकिन धरती पर मौजूद पानी के विशाल स्रोत में से महज एक-डेढ़ फीसदी पानी ही ऐसा है, जिसका उपयोग पेयजल या दैनिक क्रियाकलापों के लिए किया जाना संभव है। पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की कुल मात्रा में से मात्र तीन प्रतिशत पानी स्वच्छ बचा है और उसमें से भी करीब दो प्रतिशत पानी पहाड़ों व ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा है जबकि शेष एक प्रतिशत पानी का उपयोग ही पेयजल, सिंचाई, कृषि तथा उद्योगों के लिए किया जाता है। बाकी पानी खारा होने अथवा अन्य कारणों की वजह से उपयोगी अथवा जीवनदायी नहीं है। पृथ्वी पर उपलब्ध पानी में से इस एक प्रतिशत पानी में से भी करीब 95 फीसदी पानी भूमिगत जल के रूप में पृथ्वी की निचली परतों में उपलब्ध है और बाकी पानी पृथ्वी पर सतही जल के रूप में तालाबों, झीलों, नदियों अथवा नहरों में तथा मिट्टी में नमी के रूप में उपलब्ध है



**जल** एक ऐसा दुर्लभ प्राकृतिक संसाधन है, जो सिर्फ कृषि कार्यों के लिए ही नहीं बल्कि पृथ्वी पर जीवन के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि जल की कमी का संकट न केवल भारत बल्कि दुनिया के लगभग सभी देशों की एक विकट समस्या बन चुका है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर दुनियाभर में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। सही मायने में यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित ह्यपर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलनह्न (यूएनसीईडी) में की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की उसी घोषणा के बाद पहला विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया था। दरअसल दुनियाभर में इस समय करीब दो अरब लोग ऐसे हैं, जिन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा और साफ पेयजल उपलब्ध न होने के कारण लाखों लोग बीमार होकर असमय काल का ग्रास बन जाते हैं। बात यदि भारत के संदर्भ में करें तो हमारा देश पहली बार 2011 में जल की कमी वाले देशों की सूची में शामिल हुआ था और अब स्थिति ऐसी हो चुकी है कि महाराष्ट्र हो या राजस्थान, बिहार हो या झारखण्ड या फिर देश की राजधानी दिल्ली, प्रतिवर्ष विशेषकर गर्मी के मौसम में देश के विभिन्न हिस्सों में पानी को लेकर लोगों के बीच आपस में झगड़े-फसाद की खबरें सामने आती रही हैं। कुछ ही साल पहले शिमला जैसे पर्वतीय क्षेत्र में पानी की कमी को लेकर हाहाकार मचा था और उसके अगले साल चेन्नई में वैसी ही स्थिति देखी गई। ये मामले जल संकट गहराने की समस्या को लेकर हमारी आंखें खोलने के लिए पर्याप्त थे किन्तु फिर भी इससे निपटने के लिए सामुदायिक तौर पर कोई गंभीर प्रयास होते नहीं दिख रहे। यही वजह है कि भारत में बहुत सारे शहर अब शिमला तथा चेन्नई जैसे हालातों से जूझने के कगार पर खड़े हैं। 15 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री द्वारा देश के हर ग्रामीण क्षेत्र तक नलों के जरिये प्रत्येक घर में जल पहुंचाए जाने के लिए ह्यजल जीवन मिशनह्न नामक अभियान की शुरूआत की गई थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस मिशन की शुरूआत से पहले देश के ग्रामीण इलाकों में केवल 3.23 करोड़ परिवारों के पास ही नल कनेक्शन थे और इस योजना के तहत 2024 तक 19.22 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक पानी पहुंचाए जाने का लक्ष्य है। आंकड़ों के अनुसार इस मिशन की शुरूआत से लेकर 28 महीनों की अवधि में कुल 5.44 करोड़ घरों तक नल से जलापूर्ति शुरू की जा चुकी है और इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में यह संख्या कुल 8.67 करोड़ हो चुकी है। हालांकि घर-घर तक जल पहुंचाने का वास्तविक लाभ तभी होगा, जब नलों से जलापूर्ति भी सुचारू रूप से हो और यह केवल तभी संभव होगा, जब जलस्रोतों की बेहतर निगरानी व्यवस्था होने के साथ-साथ जल संरक्षण के लिए कारगर प्रयास नहीं किए जाएं।

पृथ्वी का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से लबालब है लेकिन धरती पर मौजूद पानी के विशाल स्रोत में से महज एक-डेढ़ फीसदी पानी ही ऐसा है, जिसका उपयोग पेयजल या दैनिक क्रियाकलापों के लिए किया जाना संभव है। पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की कुल मात्रा में से मात्र तीन प्रतिशत पानी स्वच्छ बचा है और उसमें से भी करीब दो प्रतिशत पानी पहाड़ों व ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा है जबकि शेष एक प्रतिशत पानी का उपयोग ही पेयजल, सिंचाई, कृषि तथा उद्योगों के लिए किया जाता है। बाकी पानी खारा होने अथवा अन्य कारणों की वजह से उपयोगी अथवा जीवनदायी नहीं है। पृथ्वी पर उपलब्ध पानी में से इस एक प्रतिशत पानी में से भी करीब 95 फीसदी पानी भूमिगत जल के रूप में पृथ्वी की निचली परतों में उपलब्ध है और बाकी पानी पृथ्वी पर सतही जल के रूप में तालाबों, झीलों, नदियों अथवा नहरों में तथा मिट्टी में नमी के रूप में उपलब्ध है। इससे स्पष्ट है कि पानी की हमारी अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति भूमिगत जल से ही होती है लेकिन इस भूमिगत जल की मात्रा भी इतनी नहीं है कि इससे लोगों की आवश्यकताएं पूरी हो सकें। वैसे भी जनसंख्या की रफ्तार तो तेजी से बढ़ रही है किन्तु भूमिगत जलस्तर बढ़ने के बजाय घट रहा है, ऐसे में पानी की कमी का संकट तो गहराना ही है। देश में जल संकट गहराते जाने की प्रमुख वजह है भूमिगत जल का निरंतर घटता स्तर। एक रिपोर्ट के अनुसार इस समय दुनिया भर में करीब तीन बिलियन लोगों के समक्ष पानी की समस्या मुंह बाये खड़ी है और विकासशील देशों में तो यह समस्या कुछ ज्यादा ही विकराल होती जा रही है, जहां करीब 95 फीसदी लोग इस समस्या को झेल रहे हैं। पानी की समस्या एशिया में और खासतौर से भारत में तो बहुत गंभीर रूप धारण कर रही है। विश्वभर में पानी की कमी की समस्या तेजी से उभर रही है और यह भविष्य में बहुत खतरनाक रूप धारण कर सकती है। अधिकांश विशेषज्ञ आशंका जताने लगे हैं कि जिस प्रकार तेल के लिए खाड़ी युद्ध होते रहे हैं, जल संकट बरकरार रहने या और अधिक बढ़ते जाने के कारण आने वाले वर्षों में पानी के लिए भी विभिन्न देशों के बीच युद्ध लड़े जाएंगे और हो सकता है कि अगला विश्व युद्ध भी पानी के मुद्दे को लेकर ही लड़ा जाए। दुनिया भर में पानी की कमी के चलते विभिन्न देशों में और भारत जैसे देश में तो विभिन्न राज्यों में ही जल संधियों पर संकट के बादल मंडराते रहे हैं। बहरहाल, पानी की महत्ता को हमें समय रहते समझना ही होगा। इस तथ्य से हर कोई परिचित है कि जल ही जीवन है और पानी के बिना धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती लेकिन जब हम हर जगह पानी का दुरूपयोग होते देखते हैं तो बहुत अफसोस होता है। पानी का अंधाधुंध दोहन के साथ-साथ हमने नदी, तालाबों, झरनों इत्यादि अपने पारम्परिक जलस्रोतों को भी दूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हमें समझ लेना होगा कि बारिश की एक-एक बूंद बेशकीमती है, जिसे सहेजना बहुत जरूरी है।

अगर हम वर्षा के पानी का संरक्षण किए जाने की ओर खास ध्यान दें तो व्यर्थ बहकर नदियों में जाने वाले पानी का संरक्षण करके उससे पानी की कमी की पूर्ति आसानी से की जा सकती है और इस तरह जल संकट से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## सोशल मीडिया लोगों को तेजी से डिप्रेशन की ओर ले जा रहा

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**बात** भले अजीब लगे पर मनोविज्ञानी भी मानने लगे हैं कि सोशल मीडिया लोगों को तेजी से डिप्रेशन की ओर ले जा रहा है। देश-दुनिया में डिप्रेशन के आगोश में आने वाले लोगों की संख्या दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ती जा रही है। पहली बात तो यह है कि क्या बड़े और क्या बालक और क्या पुरुष और क्या महिलाएं सभी का तेजी से रुझान सोशल मीडिया के किसी ना किसी माध्यम की और हो रहा है। दरअसल सोशल मीडिया अपनी बात कहने का प्लेटफार्म बन गया है तो लोगों को अपनी बात पोस्ट करते ही उस पर रिएक्शन की चाह भी तत्काल होने लगी है। किसी को भी एक क्षण की भी प्रतीक्षा नहीं रहती। ट्वीटर, फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर, शेयर चेट, कूकू, स्नेप चेट, हाईक, टेलीग्राम, मैसेज, रेडईट और ना जाने कितने ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म दुनिया के देशों में चल रहे हैं। इनमें से कुछ केवल और केवल मात्र मनोरंजन के माध्यम है तो कुछ प्लेटफार्म अपना संदेश आसानी से पहुंचाने का प्रमुख माध्यम बन रहा है। सोशल मीडिया के इन प्लेटफार्म के चलते पोस्टकार्ड ही नहीं अपितु अब तो ईमेल भी बेमानी होती जा रही है। ईमेल तो अब केवल दस्तावेजों के आदान-प्रदान का माध्यम बनती जा रही है। हालांकि ईमेल का अपना महत्व आज भी बरकरार है। सोशल मीडिया के कारण ही साधारण मोबाइल फोन का स्थान अब एन्ड्राइड व कैमरा वाले मोबाइल फोन ने ले लिया है। इससे मोबाइल मार्केट में भी तेजी से विस्तार हुआ है तो नेटवर्क प्रदाता कंपनियों की बल्ले बल्ले का कारण भी बन गया है। डेटा देने के नाम पर कंपनियों में प्रतिस्पर्धा भी बढ़ी है तो बाजार में अधिक से अधिक पकड़ के लिए नित नए प्रयोग भी होने लगे हैं। सेल्फी और फोटो के लिए कैमरों की क्वालिटी और मोबाइल में स्टोरेज केपेसिटी को भी ग्राहकों को लुभाने का माध्यम बनाया जा रहा है। सोशल मीडिया के दुरुपयोग के मामले जिस तेजी से सामने आ रहे हैं वह भी एक नई चुनौती बनती जा रही है। पिछले तीन साल में कोरोना ने भी बहुत कुछ बदल कर रख दिया है। स्कूलों के बंद होने से ऑनलाइन पढ़ाई का जो दौर चला है उसके सकारात्मक परिणाम की तुलना में दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। दरअसल सोशल मीडिया के बढ़ते प्रयोग के साथ लोगों की सहनशीलता, संवेदनशीलता तेजी से कम होने लगी है। लोगों का धैर्य जवाब देता जा रहा है। दरअसल ज्योंही आपने सोशल मीडिया के किसी भी माध्यम पर कोई पोस्ट अपलोड की दूसरे ही क्षण आप उस पर प्रतिक्रिया को लेकर व्यग्र हो जाते हैं। एक नए तरह का टेंशन दिलो दिमाग में छा जाता है। पहला यह कि जो पोस्ट की है उसे संबंधित व्यक्ति या समूह ने देखा या नहीं, देख लिया तो उसकी प्रतिक्रिया व्यक्त हुई या नहीं। यदि प्रतिक्रिया नकारात्मक है तो अलग तरह की भावना पोस्टकर्ता के मन में आती है तो सकारात्मक रिएक्शन पर अलग तरह की भावना सामने आती है। पर सबसे पहले तो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते ही टेंशन का दौर शुरू हो जाता है और इसका अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि बिना समय गंवाए बार-बार यह देखने का प्रयास करते हैं कि कितने लोगों ने देखा, फलां ने अभी तक क्यों नहीं देखा, अमुक ने मेरी पोस्ट को लाइक क्यों नहीं किया। अमुक की प्रतिक्रिया क्यों नहीं आई। खासतौर से जन्मदिन की विश या इसी तरह की पोस्टों पर बार-बार यही देखने की कोशिश की जाती है कि अब तक कितने लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। यहां तक कि फलां व्यक्ति ने फलां की पोस्ट पर तत्काल प्रतिक्रिया दी और मेरी पोस्ट को अनदेखा कर दिया, यह भी तनाव का कारण बन जाता है। सोशल मीडिया को अपने विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम भी बनाया जा रहा है। खासतौर से फेसबुक पेज पर लंबी-लंबी पोस्ट अपलोड होती है और फिर उस पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू होता है। यहां तक तो सब ठीक है पर अधिकांश लोग अप्रिय प्रतिक्रियाओं को पचा नहीं पाते और यह व्यक्तिगत द्वेष का कारण बनता जा रहा है। उसके बाद फ्रैंड-अनफ्रैंड करने का दौर शुरू हो जाता है। इसी तरह इंस्टाग्राम या अन्य प्लेटफार्म पर पोस्ट अपलोड करते ही किसने लाइक किया, किसने नहीं- इसका अंतहीन दौर शुरू हो जाता है। यह लगातार तनाव बनाए रखने का कारण बन जाता है। सोशल मीडिया आज के जमाने में एक दूसरे के नजदीक आने का जुड़ाव का बड़ा माध्यम है पर परिणाम इसके उलट ही देखने को मिल रहे हैं। सूचनाओं का आदान प्रदान तो हो रहा है पर यही सूचनाएं आपसी विवाद का कारण भी बनती जा रही है।

अभिव्यक्ति

## हरियाणा कर्मचारियों की निगाहें पंजाब पर

**बलदेव राज भारतीय**

**हरियाणा** के विधानसभा चुनावों में अभी दो वर्ष से अधिक का समय पड़ा है। मगर इस पूरे समय में हरियाणा के लोगों की नजरें पंजाब की आप सरकार के नीतिगत फैसलों पर लगी रहेंगी। अन्य दलों की तरह वोटों को भुनाने के लिए आप ने भी लोकलुभावन वादे करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इन वादों में सबसे अचंभित करने वाला वादा 18 वर्ष की आयु से ऊपर की हर मां, बहन बेटी को एक हजार रुपए प्रति माह देने का वादा भी शामिल है। इसके लिए आम आदमी पार्टी ने चुनाव से पहले ही गारंटी फॉर्म भरवा लिए थे। यह गारंटी फॉर्म ही थे जिसके कारण आप ने पंजाब में इतनी बड़ी सफलता प्राप्त की। दरअसल वह गारंटी फॉर्म लोगों के लिए गारंटी साबित हो न हो मगर आम आदमी पार्टी के लिए वोटों का बॉन्ड साबित हुआ। हर घर से उन्हें थोक में वोट मिले। लोगों को बदलाव चाहिए था और कांग्रेस और अकाली दल को लोग बार बार परख चुके थे। भाजपा राज्य में सदैव जूनियर पार्टनर की भूमिका में रही थी। इसलिए उसका कोई कैडर वहां नहीं था और किसान आंदोलन के कारण भाजपा पर पंजाब के लोगों का विश्वास भी कम ही था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली मॉडल का सब्जबाग दिखाया तो लोगों के मन में इसे परखना ही सही लगा और उन्हें आम आदमी पार्टी ही सही विकल्प लगा।

चुनाव पूर्व घोषणाएं करते समय उन घोषणाओं को लागू करने का रोडमैप किसी भी दल के पास नहीं था। जो पार्टी सत्ता में आई है उसे तो अपनी की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए रोडमैप बनाना ही होगा। अब पंजाब के लोगों को इस बात की प्रतीक्षा है कि आम आदमी पार्टी सरकार कितनी जल्दी उन घोषणाओं को लागू करने के लिए कोई कदम उठाती है। आम आदमी पार्टी की एक और लोकलुभावन वादा 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने का है। जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पंजाब को नशामुक्त बनाने जैसे अन्य कई वादे भी लाइन में रहेंगे। दिल्ली में केजरीवाल की सरकार शहरी क्षेत्र की सरकार है। परंतु पंजाब एक ग्रामीण क्षेत्र है और एक पूर्ण राज्य भी। जिसकी अपनी पुलिस भी है। यहां आम आदमी पार्टी की असली परीक्षा होगी। पंजाब के परिणामों ने हरियाणा को भी चौंकाया है। गली, मुहल्ले और हर नुक्कड़ पर आम आदमी पार्टी की चर्चा जोरों पर है। परंतु हरियाणा के लोग बिना परखे किसी को भी सर माथे पर नहीं बिठाते। पड़ोसी पंजाब की कारगुजारी देखने के लिए हरियाणा के लोगों के पास पर्याप्त समय भी है। वे देखना चाहेंगे कि आगामी दो वर्ष में पंजाब सरकार कौन कौन से जनहितकारी फैसले लेती है। यदि हरियाणा के लोग उन फैसलों से संतुष्ट हुए तो समझो हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी एक विकल्प के रूप में उभर कर सामने आ सकती है।

दूसरी ओर हरियाणा की राजनीति को सर्वाधिक प्रभावित करने वाला कर्मचारी वर्ग इस समय पंजाब की आप सरकार द्वारा पुरानी पेंशन लागू किए जाने की बाट जोह रहा है। यदि पंजाब की आप सरकार पंजाब में कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दे देती है तो हरियाणा में भी 2024 के चुनावों में आप का झाड़ू बाकी सब का सफाया कर सकता है। हां, यदि मौजूदा खट्टर सरकार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की घोषणा कर दे तो वह आप को चुनौती देने की हालत में आ सकती है। पुरानी पेंशन लागू करने का वादा कांग्रेस ने पहले ही कर दिया है। यदि पंजाब में आप सरकार पुरानी पेंशन को लागू कर देती है तो कर्मचारियों के पास दो विकल्प होंगे और उन दो विकल्पों में से वे किसे वरीयता देंगे यह भविष्य के गर्भ में है। राजनैतिक दलों के नेताओं के वादों पर लोगों का भरोसा कायम नहीं है।

हरियाणा में भाजपा की सरकार में सहायक जननायक पार्टी ने भी अपने पिछले चुनावों में पुरानी पेंशन लागू करने का वादा किया था। परंतु अपने कार्यकाल का आधा समय बीत जाने के बाद भी दुष्यंत चौटाला कर्मचारियों से किया गया वादा निभाने में असफल रहे हैं। वे सरकार में साझीदार हैं अतः वह अपने वादे के प्रति जवाबदेह तो हैं ही। जनता तो उनसे ही जवाब मांगेगी।

## महान वीरांगना-रानी अवन्ती बाई

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**

**अदम्य** साहस की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी अवन्ती बाई ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। अपनी मातृभूमि की रक्षा की खातिर अपने प्राण न्योछावर कर दिए। 1857 की क्रान्ति में रानी अवन्ती बाई का वही योगदान है जो रानी लक्ष्मीबाई का है। इसी कारण रानी अवन्ती बाई की तुलना रानी लक्ष्मी बाई से की जाती है। इतिहास इन दोनों महान वीरांगनाओं का हमेशा ऋणी रहेगा। रानी अवन्ती बाई का अवतरण 16 अगस्त 1831 को ग्राम मनकेहणी जिला सिवनी, मध्य प्रदेश के जमींदार राव जुझार सिंह के यहां हुआ था। इनकी शिक्षा दीक्षा ग्राम मनकेहणी में हुई। जुझार सिंह ने अपनी कन्या अवंती बाई का विवाह रामगढ़ रियासत के राजा लक्ष्मण सिंह लोधी के पुत्र राजकुमार विक्रमादित्य सिंह लोधी के साथ तय किया। 1850 में राजा लक्ष्मण सिंह के निधन के बाद राजकुमार विक्रमादित्य ने राजगद्दी संभाली। विक्रमादित्य वचपन से ही वीतरागी प्रवृत्ति के थे। पूजा पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों में लगे रहते थे। इनके दो पुत्र थे अमान सिंह और शेर सिंह। इनके दोनों पुत्र छोटे ही थे कि राजा विक्षिप्त हो गए और राज्य की सारी जिम्मेदारी रानी अवन्तीबाई के कन्धों पर आ गई। यह समाचार सुनकर अंग्रेजों ने रामगढ़ राज्य पर "कोर्ट ऑफ वार्ड्स" की कार्यवाही की एवं राज्य के प्रशासन के लिए सर बराहकार नियुक्त कर शेख मोहम्मद और मोहम्मद अब्दुल्ला को रामगढ़ भेजा। जिससे रामगढ राज्य "कोर्ट ऑफ वार्ड्स" के अधीन चला गया। अंग्रेजों कि इस हड़प नीति को रानी जानती थी और दोनों सरबराहकारों को रामगढ़ से बाहर निकाल दिया। लार्ड डलहौजी की राजे रजवाड़ों को हडपने की नीति जिसे डलहौजी की हड़प नीति" कहा गया। जिसके कारण सतारा, जैतपुर, संभलपुर, बघाट, उदयपुर ,नागपुर, झाँसी सहित कई देशी रियासतों का अंग्रजी साम्राज्य में विलय कर दिया गया। अन्य रियासतों को हडपने का अंग्रजी कुचक्र देश जोर-शोर से चल रहा था। अंग्रजों के इस कुचक्र का राजे रजवाड़ों ने विरोध किया। रानी अवन्तीबाई ने भी विरोध किया। पुरवा में आस-पास के राजाओं और जमीदारों का विशाल सम्मलेन बुलाया। जिसकी अध्यक्षता 70 वर्षीय गोंड राजा शंकर शाह ने की। राजा शंकर शाह को मध्य भारत में क्रांति का नेता चुना गया। इस सम्मलेन में प्रचार-प्रसार का कार्य रानी अवंती बाई को सौंपा गया। प्रचार के लिए एक पत्र और दो काली चूड़ियों की एक पुड़िया बनाकर प्रसाद के रूप में वितरित की गईं। इसके पत्र में लिखा गया-"अंग्रेजों से संघर्ष के लिए तैयार रहो या चूड़ियाँ पहनकर घर बैठो। तुम्हें धर्म, ईमान की सौगंध है, जो इस कागज का सही पता बैरी को दो।" जो राजा, जमींदार और मालगुजार पुड़िया ले तो इसका अर्थ क्रांति में अंग्रेजों के विरुद्ध अपना समर्थन देना था। इस समय तक मंडला नगर को छोड़कर पूरा जिला अंग्रेजों से मुक्त हो चुका था। 23 नवम्बर 1857 को मंडला के पास अंग्रेजों और रानी अवन्ती बाई के बीच भीषण युद्ध हुआ। इस युद्ध में मंडला का अंग्रेज डिप्टी कमिश्नर वाडिंग्टन पूरी शक्ति लगाने के बाद भी कुछ ना कर सका और मंडला छोड़ सिवनी भाग गया। इस प्रकार पूरा मंडला और रामगढ़ स्वतंत्र हो गया। इस प्रकार पूरा मंडला जिला और रामगढ़ राज्य स्वतंत्र हो गया। अंग्रेज अपनी हार से बौखलाए हुये थे और अपनी हार का बदला लेना चाहते थे। अंग्रेज लगातार अपनी शक्ति सहेजते रहे अंग्रेजों ने 15 जनवरी 1858 को घुघरी पर नियंत्रण कर लिया।

मार्च 1858 के दूसरे सप्ताह में रीवा नरेश की सहायता से रामगढ को घेरकर हमला बोल दिया। वीरांगना रानी अवन्ती बाई की सेना जो अंग्रेजों की सेना की तुलना में बहुत छोटी थी फिर भी साहस पूर्वक अंग्रेजों का सामना किया। रानी ने परिस्थितियों को भांपते हुए अपने किले से निकलकर डिंडोरी के पास देवहारगढ़ की पहड़ियों की ओर प्रस्थान किया।

अंग्रेजों की सेना रानी अवन्ती बाई का पता लगाते हुए देवहारगढ़ की पहडियों तक पहुँच गई। यहां वीरांगना रानी अवन्ती बाई पहले से ही मोर्चा लगाये बैठी थी। कालगलवित, 20 मार्च 1858 को रानी अवन्ती बाई ने शाहपुर के पास स्थित तालाब के पास बने मंदिर में पूजा अर्चना की और युद्ध मैदान में उतर गई। यहां अंग्रेजों और रानी के बीच घमासान युद्ध हुआ। रानी अवन्ती बाई ने अपने आप को अंग्रेजों से घिरता देख वीरांगना रानी दुर्गावती का अनुकरण करते हुए अपनी तलवार निकाली और कहा ह्ल हमारी दुर्गावती ने जीते जी वैरी के हाथ अंग ना छुए जाने का प्रण लिया था। इसे ना भूलना इतना कहकर रानी ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

## खुश रहना सेहतमंद जिंदगी की कुंजी

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर मनीषियों के व्यवहारिक जीवनमें खुशी-गम सुखदुख,धूप-छांव,अच्छाई-बुराईहित-अहित जीवन-मृत्यु एक सिक्के के दो पहलू की तरह लागू होते हैं क्योंकि सृष्टि में हर जीव के जीवन में यह दोनों पहलू आते ही हैं। मेरा मानना है कि पूरे संसार में शायद ही कोई ऐसा अपवाद स्वरूपी मनीषी जीव होंगे जिनका जीवन चक्र के सामायिक चक्र में दोनों पहलू ना हो!!! यदि खुशी आई होगी तो दुख भी और जीवन आया हैं तो मृत्यु भी होगी यह एक दिनचर्या के समान है कि सुबह होने के बाद शाम आनी ही है। बस फरक हमारी वैचारिक सोच का होता है!!! साथियों बात अगर हम इस जीवन के दोनों पहलूओं में से जो संभव है खुशी, सुख, अच्छाई, हित की करें तो यह मानवीय स्वभाव ही है कि वह सकारात्मक क्षणों में जीवन जीना पसंद करेगा जबकि गम, दुख, बुराई, अहित जो नकारात्मक क्षणों में जीवन बिताना शायद कोई पसंद नहीं करेगा!!! जबकि जीवन-मृत्यु चक्र में भी अधिकतम मनुषी जीवों सकारात्मक जीवन जीने की पसंदगी का चुनाव करेंगे जो सकारात्मक क्षणों के साथ हो। इसके विपरीत नकारात्मक क्षणों में शायद दूसरा विकराल विकल्प चुन सकते हैं। परंतु जांबाजी, जज्बे, विपत्तियों, नकारात्मक स्थितियों से शेर की भांति लड़कर मुकाबला कर व्यवहारिक जीवन की जंग जीतने वाले जांबाजी मनीषी दोनों परिस्थितियों में अपनी जीत दर्ज कर जीवन रूपी गाड़ी को अपने अंजाम तक पहुंचाकर, इस जंग में अपने काम, अपने नाम का डंका छोड़ जाते हैं जो इतिहास में हमने देखें दर्ज हैं जो हमारी अगली पीढ़ियां भी उन्हें आदर पूर्वक याद करेंगे साथियों उपरोक्त बैकग्राउंड चर्चा हमने इसलिए कि क्योंकि 20 मार्च 2022 को हमने अंतरराष्ट्रीय स्तरपर खुशी दिवस जोरशोर से मनाया जो उपरोक्त चर्चा का एक सकारात्मक भाग है। जिसपर मनीषी जीव जीवन जीना पसंद करेगा। क्योंकि खुशी ही एक सेहतमंद सफल और अच्छी जिंदगी की कुंजी है।

## उद्घाटन मैच से पहले चेन्नई सुपर किंग्स की बढ़ी चिंताएं, इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर को अब तक नहीं मिला वीजा

**लंदन।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें सीजन के शुरू होने में अब एक हफ्ते से भी कम का समय बचा है। लेकिन उससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। चार बार की चैंपियन सीएसके को उद्घाटन मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम के स्टार ऑलराउंर मोईन अली को भारत आने में देरी होगी।

मोईन अली वीजा की समस्या की वजह से भारत देरी से पहुंचेंगे। इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर को सीएसके ने 8 करोड़ रुपये की मोटी रकम के साथ रिटेन किया था और अब वो भारतीय दूतावास की तरफ से वीजा मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

**पेपर्स मिलने के बाद भारत के लिए रवाना होंगे मोईन**

सीएसके के सीईओ काशी विश्वाथन को उम्मीद है कि मोईन को वीजा मिलने में मुश्किल नहीं होगी, क्योंकि वो नियमित तौर पर भारत की यात्रा करते रहते हैं। जल्द ही उनका वीजा क्लियर हो जाएगा और वो सूरत में चल रहे कैंप से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मोईन ने 28 फरवरी को वीजा के लिए आवेदन किया था जिसे 20 दिन से ज्यादा हो चुके हैं। वह नियमित तौर पर भारत की यात्रा करते रहे हैं, लेकिन अभी तक उनके हाथ में ट्रेवल पेपर्स नहीं आए हैं। सीईओ ने कहा कि मोईन अली ने उनसे कहा है कि ट्रेवल पेपर्स मिलते ही वो अगली फ्लाइट से भारत के लिए रवाना हो जाएंगे। फ्रेंचाइजी सीईओ ने कहा कि वो उम्मीद कर रहे हैं कि सोमवार तक पेपर्स मिल जाएंगे।

## पंकज अडवाणी ने आठवीं बार जीता एशियाई बिलियर्ड्स का खिताब

### फाइनल में हमवतन सितवाला को हराया

**लंदन।** भारत के स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने एक बार फिर से एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। 36 वर्षीय आडवाणी ने यहां 19वीं एशियाई चैंपियनशिप 2022 के फाइनल में हमवतन ध्रुव सितवाला को छह फ्रेम से हराया। यह उनका आठवां एशियाई और 24वां अंतरराष्ट्रीय खिताब है।

दो बार के एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियन सितवाला के खिलाफ आडवाणी ने पहला फ्रेम आसानी से जीतने के बाद दूसरे में सेंचुरी ब्रेक से 2-0 से बढ़त बना ली। तीसरे में भी आडवाणी का दबदबा जारी रहा लेकिन सितवाला ने चौथे फ्रेम में वापसी



करते हुए अंतर कुछ कम किया। आडवाणी इसके बाद पांचवें फ्रेम में जीत के साथ 4-1 से आगे निकले और फिर छठे में भी जीत हासिल की। सातवां फ्रेम सितवाला के नाम रहा लेकिन आडवाणी ने शानदार ब्रेक से अपने प्रतिद्वंद्वी को 6-2 से पराजित किया। पंकज ने इससे पहले म्यांमा के पॉक सा की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए 5-4 की जीत से फाइनल में जगह बनाई थी। 23 बार विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीत चुके आडवाणी सेमीफाइनल मैच में 2-0 की बढ़त बनाने के बाद इसे 4-2 कर दिया।

हालांकि पॉक सा ने अगले दो फ्रेम जीतकर बराबरी हासिल की। जिससे नतीजा निर्णायक फ्रेम से आना था। आडवाणी ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए पॉक सा को 5-4 से पराजित किया।

## मलप्पुरम में फुटबॉल मैच के दौरान बड़ा हादसा, हजार लोगों से भरी अस्थायी गैलरी ढही, सैकड़ों लोग घायल



**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम में एक बड़ा हादसा हो गया। पुंगोड में खेले जा रहे फुटबॉल मैच के दौरान सैकड़ों लोगों से भरी अस्थायी गैलरी ढह गई। पुलिस का कहना है कि करीब 200 लोग इस हादसे में घायल हुए हैं जिनमें 5 गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाके के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, मैच के दौरान गैलरी में हजार से अधिक लोग मौजूद थे। यह हादसा रात 9:30 बजे हुआ।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, पिछले दो दिन में हुई भारी बारिश की वजह से मैदान गीला था जिसकी वजह से यह दुर्घटना हुई। लोगों ने कहा कि मैदान और गैलरी बांस और पेड़ों से बनाया गया था लेकिन बारिश की वजह से मैदान गीला होने के कारण उसपर दबाव बना।

## पाकिस्तान जीता तो सेमीफाइनल में पहुंच सकता है भारत

**नई दिल्ली।** महिला विश्व कप 2022 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हराकर लगातार पांचवां मैच जीत लिया और सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। वहीं पांच मैचों में तीसरी हार के साथ ही भारत के लिए सेमीफाइनल की राह मुश्किल



हो गई है। हालांकि, अभी भी भारत का रन रेट काफी बेहतर है और टीम इंडिया अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। वहीं पाकिस्तान के सभी मैच जीतने पर भारत दों में से सिर्फ एक मैच जीतने पर भी सेमीफाइनल में पहुंच सकता है। यहां हम सेमीफाइनल का पूरा गणित समझा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम सभी पांच मैच जीतकर पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम भी अपने चार मैच जीत चुकी है और इसका भी सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय है। बाकी के दो स्थानों के लिए भारत, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच मुकाबला है। बांग्लादेश और पाकिस्तान की टीम भी सेमीफाइनल की रेस से पूरी तरह बाहर नहीं हैं, लेकिन इन दोनों टीमों को टॉप चार टीमों में जगह बनाने के लिए चमत्कार करना होगा।

### कोलकाता के लिए बैटिंग ऑर्डर बना बड़ी समस्या

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने आईपीएल 2022 की शुरुआत से पहले अपने प्लान को लेकर बात की है। उन्होंने बताया है कि उन्हें शुरुआत से ही आक्रामक क्रिकेट खेलना पसंद है और वो चाहेंगे कि उनकी टीम इस सीजन में इसी अंदाज में खेले। अय्यर इससे पहले दिल्ली की टीम के कप्तान रहे चुके हैं और उनकी अगुवाई में टीम फाइनल तक पहुंची थी। उन्होंने यह भी बताया कि टीम मैनेजमेंट के साथ उन्होंने कई बार बैटिंग ऑर्डर को लेकर बात की है। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि इस सीजन टीम का बैटिंग ऑर्डर क्या होगा और वेंकटेश अय्यर किस नंबर पर खेलेंगे। अय्यर को केकेआर ने नीलामी में 12.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। टीम का कप्तान बनाए जाने के बाद अपनी फ्रेंचाइजी की आधिकारिक वेबसाइट के लिए बातचीत में उन्होंने कहा ÷जब मैं केकेआर के खिलाफ खेला हूं, तो वे एक टीम के रूप में आक्रामक और निडर रहे हैं। पहली गेंद से ही, वे आपको बैकफुट पर रखना पसंद करते हैं। आपको ऐसी मानसिकता रखने की जरूरत है और एक बल्लेबाज के रूप में मेरी भी यही मानसिकता है। कप्तान के रूप में मैं टीम से यही सोच चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि हम वहां जाएं, जितना संभव हो सके अपना स्वाभाविक खेल खेलें, अगर हम सस्ते में आउट होते हैं तो बहुत पछतावा नहीं होता है। आप जो कुछ भी करते हैं वह टीम के लिए करते हैं और खुद को पीछे रखते हैं।

## खेल और फिटनेस में सुधार जारी है, उन चीजों पर ध्यान जो मेरे नियंत्रण में है : हार्दिक पंड्या

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस की अगुवाई करने को तैयार चोट से परेशान रहने वाले भारतीय हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने कहा कि उनके खेल और फिटनेस में सुधार जारी है और उनका ध्यान वैसी चीजों पर है जो उनके नियंत्रण में है।यह 28 साल का खिलाड़ी 2019 में पीठ में चोट लगने के बाद से फिटनेस की समस्याओं से जूझ रहा है। इसी वजह से उन्हें न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ पिछली कुछ श्रृंखलाओं के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली।

आईपीएल की वेबसाइट पर जारी वीडियो में हार्दिक ने कहा, ''मैं बस परिवार के साथ समय बिता रहा था, हमेशा की तरह कड़ी मेहनत कर रहा था। मैं यह सुनिश्चित कर रहा हूं कि मैं अच्छी तैयारी करूं। इस दौरान मेरे पास सोचने समझने का बहुत समय था कि मुझे क्या चाहिए और मेरे लिए क्या अच्छा रहेगा।

इस साल फरवरी में आईपीएल बड़ी



नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस द्वारा टीम में बरकरार नहीं रखे जाने के बाद से ही हार्दिक को गुजरात टाइटंस का कप्तान बनाए जाने के बाद काफी चर्चा थी। हार्दिक ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह मेरी वापसी होगी या मैं इस पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। अभी मैं सिर्फ एक सकारात्मक मानसिकता के साथ रहना चाहता हूं और मैं ज्यादा आगे का नहीं सोच रहा हूं। मैं सिर्फ उन चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं जो मेरे नियंत्रण में हैं, जो मेरे शरीर के अनुकूल है और जिससे मैं टीम की सफलता में योगदान दे सकूं।''उन्होंने कहा, '' मैं अगर आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए अच्छा करता हूं तो चीजें भविष्य के लिए भी सही होंगी। मैं अभी केवल एक काम पर ध्यान दे रहा हूं। मेरे लिए टीम के खिलाड़ियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहना अहम होगा। मैं खिलाड़ियों को सुरक्षा और अपने मुताबिक खेलने की छूट देना चाहता हूं।''

बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधों में हार्दिक ग्रेड ए से ग्रेड सी में खिसक गये है। उन्होंनं हाल ही में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपनी फिटनेस का आकलन किया और गेंदबाजी में हाथ आजमाने के साथ आराम से यो-यो टेस्ट भी पास किया।

उन्होंने कहा, '' मैं इस आईपीएल का इंतजार कर रहा हूं क्योंकि मैं काफी लंबे समय से खेल से दूर हूं। मेरे लिए यह बहुत रोमांचक है, मुझे यह देखने को मिलेगा कि तीन महीने की कड़ी मेहनत के बाद मैं वास्तव में कहां हूं। '' हार्दिक ने कहा, '' मैंने सीखा है कि परिणाम मायने नहीं रखता क्योंकि सिर्फ कड़ी मेहनत आपको सफलता की गारंटी नहीं देती है लेकिन सही प्रक्रिया को अपनाकर आप सफलता हासिल कर सकते है। गुजरात टाइटंस 28 मार्च को अपने आईपीएल अभियान के पहले मैच में लोकेश राहुल के नेतृत्व वाली दूसरी नयी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगी।

## भारत के लिए टी-20 विश्व कप खेलना चाहते हैं शिखर धवन

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2021 के पहले फेज में शिखर धवन ने कमाल की बल्लेबाजी की थी और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल थे। इसके बावजूद उन्हें भारत की टी-20 टीम में जगह नहीं मिली थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में उन्हें मौका मिला था और वनडे सीरीज में उन्होंने प्रभावित भी किया था, लेकिन श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज में वो नहीं खेले। इसी साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भी धवन भारतीय टीम के प्लान में शामिल नहीं है।

## पंजाब किंग्स कप्तान मयंक बोले- हमारे पास खिताब जीतने वाली टीम, बेहतर प्रदर्शन जरूरी

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के नव नियुक्त कप्तान मयंक अग्रवाल का मानना है कि उनके पास आईपीएल खिताब जीतने में सक्षम टीम है। टीम के साथ चार सत्र रहने के बाद अग्रवाल को कप्तानी सौंपी गई है चूंकि उनके सलामी जोड़ीदार केएलराहुल लखनऊ टीम से जुड़ गए हैं। अग्रवाल ने पिछले दो सत्रों में 400 से अधिक रन बनाये और राहुल के साथ सफल प्रारंभिक जोड़ी का हिस्सा रहे। उनकी टीम हालांकि प्लेआफ में नहीं पहुंच सकी। अग्रवाल ने कहा ,'' हमारे पास खिताब जीतने में सक्षम टीम है। अब खिलाड़ियों को दबाव में अपनी प्रतिभा का परिचय देना होगा।''उन्होंने कहा ,'' एक टीम के तौर पर हमने नीलामी में अच्छा प्रदर्शन किया। हमें पता था कि टूर्नामेंट मुंबई में खेला जायेगा तो उस आधार पर ही टीम चुनी है। हमें



खुशी है कि हमारे पास संतुलित टीम है।'' बतौर कप्तान उनकी भूमिका टीम में बढी है लेकिन उनका मानना है कि एक बल्लेबाज के तौर पर कुछ नहीं बदला है। उन्होंने कहा ,'' जब मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं तो मैं सिर्फ बल्लेबाज हूं। हमारे पास कई नेतृत्वकर्ता और अनुभवी खिलाड़ी है जिससे मेरा काम आसान हो गया है। मैं एक बल्लेबाज के तौर पर बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहता हूं। अभी बल्लेबाजी क्रम को लेकर कुछ कह नहीं सकता लेकिन शिखर धवन के टीम से जुड़ने को लेकर काफी उत्साहित हूं।

## हमीरपुरः अंतर विश्वविद्यालय कोर्फबाल प्रतियोगिता के लिए हिमाचल की टीम रवाना

**हमीरपुर।** आल इंडिया इंटर विश्वविद्यालय कोर्फबाल प्रतियोगिता में पहली बार हिमाचल प्रदेश की टीम भाग लेगी। यह प्रतियोगिता 20 से 24 मार्च तक महाराष्ट्र के पुणे में टीसी कॉलेज बारामति में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में सोलन जिले के शूलिनी विश्वविद्यालय के खिलाड़ी हिमाचल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश के राष्ट्रीय कोर्फबाल खिलाड़ी विशाल शर्मा ने 10 दिन तक प्रशिक्षण दिया है। श्रेया ठाकुर, अनुष्का तपवाल, रुपाली चौधरी, डालिया दास, जाह्नवी त्रिपाठी, आयुषी कटोच, रमनदीप सिंह, आशीष कुमार सिंह, आकाश कुमार, प्रियांशु कुमार, माधव ओर आयुष सहित 12 खिलाड़ी तथा टीम कोच आकाश शर्मा, महिला टीम कोच और मैनेजर परीक्षित जोजटा पुणे रवाना हो गए हैं। प्रदेश कोर्फबाल संघ के महासचिव



बीआर सुमन ने कहा कि यह खुशी की बात है कि पहली बार खिलाड़ी इंटर यूनिवर्सिटी कोर्फबाल प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे पूरे तालमेल के साथ अपने खेल का प्रदर्शन करें तथा हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करें। कोर्फबाल संघ के कोषाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय रेफरी विनोद कुमार, संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, पवन नेगी और अन्य उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश उद्योग विभाग के निदेशक राकेश प्रजापति ने कहा कि इंटर यूनिवर्सिटी कोर्फबाल प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम पहली बार भाग ले रही है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच होगा कड़ा मुकाबला, श्रीलंका कर रहा एशिया कप की मेजबानी

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच होगा कड़ा मुकाबला, श्रीलंका कर रहा एशिया कप की मेजबानीटी20 विश्व कप के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच काफी सालों बाद मुकाबला खेला गया था। इस मुकाबले में भारत को पाकिस्तान ने 10 विकेट से हराया था। बेहद ही शर्मनाक हार के बाद मौजूदा कप्तान विराट कोहली की काफी आलोचना भी हुई थी। विराट की कप्तानी में खेला जाने वाली यह आखिरी सीरीज थी। उसके बाद विराट ने कप्तानी छोड़ दी थी। अब भारत की कप्तानी रोहित शर्मा के हाथ में हैं। पिछ्ली कई घरेलू सीरीज भारत रोहित शर्मा की कप्तानी में जीत चुका हैं। एशिया कप को भी भारत जीतने के इरादे से ही मैदान में उतरेगी। एशिया कप में एक बार फिर भारत और पाकिस्तान का सामना होगा। साल 2022 में होने वाले ऐशिया कप को लेकर घोषणा की गयी हैं।

**एशिया कप टी20 टूर्नामेंट का ऐलान**

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) अपनी वार्षिक आम बैठक के बाद घोषणा की कि श्रीलंका 27 अगस्त से 11 सितंबर तक एशिया कप टी20 टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। महाद्वीप की सभी पांच टेस्ट टीमें - भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और मेजबान श्रीलंका- टूर्नामेंट में भाग लेंगी, साथ ही एक और एशियाई



टीम भी शामिल होगी जिसका फैसला 20 अगस्त से होने वाले क्वालीफायर टूर्नामेंट के बाद किया जाएगा। एसीसी ने अपनी एजीएम के बाद ट्वीट किया, ÷एशिया कप 2022 (टी20 प्रारूप) इस साल के अंत में 27 अगस्त से 11 सितंबर तक श्रीलंका में होगा। इसके लिए क्वालीफायर 20 अगस्त 2022 से खेले जाएंगे।÷

**27 अगस्त से 11 सितंबर तक श्रीलंका में होगा एशिया कप**

टूर्नामेंट जो आमतौर पर ODI और टी20 प्रारूपों के बीच वैकल्पिक होता है, आखिरी बार 2018 में खेला गया था और भारत ने जीता था। कोविड-19 महामारी ने 2020 संस्करण को स्थगित करने के लिए मजबूर किया था। श्रीलंका को 2020 संस्करण की मेजबानी करनी थी, लेकिन महामारी ने पहले इस आयोजन को 2021 तक धकेल दिया और अंत में 2022 में स्थानांतरित कर दिया। पाकिस्तान, जो मूल रूप से 2022 एशिया कप की मेजबानी करने वाले थे, के पास अब 2023 के लिए मेजबानी के अधिकार हैं।

**भारत पाकिस्तान के बीच होगा मुकाबला**

एशिया कप में मुख्य रूप से 5 टीमें हैं जिसमें पाकिस्तान और भारत भी शामिल है। अब दोनों कट्टर प्रतिद्वंदियों के बीच टक्कर होगी। महाद्वीप की सभी पांच टेस्ट टीमें - भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और मेजबान श्रीलंका - टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी जिसमें एक और एशियाई टीम होगी जिसका फैसला 20 अगस्त से होने वाले वाले क्वालीफायर टूर्नामेंट के बाद होगा। एशिया कप 2022 (टी20 प्रारूप) का आयोजन श्रीलंका में 27 अगस्त से 11 सितंबर तक किया जायेगा। इसके लिये क्वालीफायर 20 अगस्त 2022 के बाद खेले जायेंगे। टूर्नामेंट का पिछ्ला चरण 2018 में खेला गया था जिसमें भारत ने जीत हासिल की थी। पाकिस्तान को पहले 2022 एशिया कप की मेजबानी करनी थी, अब वह 2023 चरण की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट में जुड़ने वाली छठी टीम संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कुवैत, सिंगापुर और हांगकांग में से होगी।

## तीरंदाजी टूर्नामेंट में भारत के नाम दो स्वर्ण और छह रजत पदक, बांग्लादेश के बाद दूसरे स्थान हासिल किया

**फुकेट।** भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप विश्व रैंकिंग के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में दो स्वर्ण और छह रजत पदक जीतकर बांग्लादेश के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। दक्षिण कोरिया, चीन, चीनी ताइपे और जापान के खिलाड़ियों के न होने का फायदा भारतीय खिलाड़ियों को मिला और 10 में सात प्रतियोगिताओं के फाइनल में भारतीय खिलाड़ियों ने जगह बनाई। हालांकि, इनमें से पांच फाइनल में भारतीय खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। अधकतर मौकों पर भारतीय तीरंदाज दबाव में दिखे और करीबी अंतर से मैच गंवाया।

भारत की पांच हार में से, दो पड़ोसी बांग्लादेश के खिलाफ थी, जिसने तीन स्वर्ण और एक रजत के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत के दो स्वर्ण रिकर्व पुरुष टीम और मिश्रित महिला व्यक्तिगत वर्ग में आए। दूसरी वरीयता प्राप्त साक्षी चौधरी ने अपनी 13वीं वरीयता प्राप्त टीम की साथी परनीत कौर को 140 से बराबरी पर रहने के बाद कड़े शूट-ऑफ में हरा दिया। दोनों ने आंतरिक 10-रिंग में प्रहार किया लेकिन साक्षी ने केंद्र के करीब शूटिंग करके परनीत को बाहर कर दिया।

**महिला रिकर्व में स्वर्ण से चूका भारत**

पार्थ सालुंखे, राहुल नागरवाल और धीरज बी ने व्यक्तिगत स्पर्धा के पहले दौर से बाहर होकर रिकर्व पुरुष वर्ग में टीम का स्वर्ण पदक जीता। तिकड़ी अपने लय में थी और मैच ने कजाकिस्तान के खिलाड़ियों को 6-2 (53-53, 57-57, 56-55, 57-54) से हराया। भारत एक स्वर्ण से चूक गया, जब शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय तिकड़ी रिद्धि फोर, तिशा पुनिया और तनीषा वर्मा दूसरे सेट में 45 रनों के खराब स्कोर के बाद अपनी बढ़त गंवा दी।



बांग्लादेश ने टाईब्रेकर 28-27 से जीता।

**एक अंक के अंतर से दो फाइनल गंवाए**

शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी रिद्धि फोर और पार्थ सालुंखे ने 3-1 की बढ़त गंवाकर 3-5 (37-34, 37-37, 35-38, 36-37) से हारकर रजत पदक जीता। कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत फाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त ऋषभ यादव ने 126 के स्कोर से ईरान के मोहम्मदसालेह पलिजबान को 19 अंकों के बड़े अंतर से हराया। भारत भी मिश्रित पुरुष और महिला टीम के स्वर्ण पदक से चूक गया और दोनों फाइनल में एक-एक अंक से पिछड़ गया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त तिकड़ी प्रथमेश जावकर, यादव और प्रियांश कजाकिस्तान से 232-233 से हार गए, जबकि महिला टीम साक्षी चौधरी, अदिति स्वामी और प्रगति मेजबान थाईलैंड से 230-231 से हार गईं। भारत ने अपने दोनों कांस्य प्लेऑफ भी गंवाए। तिशा पुनिया रिकर्व महिला व्यक्तिगत वर्ग में मलेशिया की नूर ऐन अयूनी फोजी से हार गईं, जबकि जावकर पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ईरान के सैयद कौसर से हार गईं।

# विदेश संदेश

## भारत-इस्राइल संबंधों के 30 साल: प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट अप्रैल की शुरुआत में करेंगे भारत का दौरा

**यरुशलम।** भारत-इस्राइल राजनयिक संबंधों की स्थापना के 30 साल पूरे हो चुके हैं। दोनों देशों के संबंधों की स्थापना के 30वीं वर्षगांठ के मौके पर इस्राइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर अप्रैल महीने की शुरुआत में भारत के दौरे पर आएंगे। इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नफ्ताली बेनेट दो अप्रैल, 2022 को भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा करेंगे। दोनों नेताओं के बीच पहली मुलाकात पिछले साल अक्तूबर में ग्लासगो में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप26) के मौके पर हुई थी।उस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री बेनेट को भारत की आधिकारिक यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया था। यह यात्रा दोनों देशों और नेताओं के बीच महत्वपूर्ण संबंधों की पुष्टि करेगी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक गठबंधन को आगे बढ़ाना और मजबूत करना और द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार करना है। इसके अलावा दोनों नेता नवाचार, अर्थव्यवस्था, अनुसंधान और विकास, कृषि समेत अन्य विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री बेनेट भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ मिलेंगे। साथ ही देश में यहूदी समुदाय के लोगों से भी मिलेंगे।



## बर्ड फ्लू: अमेरिका के आयोवा प्रांत में मारे जाएंगे 53 लाख चूजे, न्यूजीलैंड में मरी व्हेल मछलियां

**अयोवा।** अमेरिका में आयोवा प्रांत के एक पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद वहां 50 लाख से अधिक चूजों को मार डाला जाएगा। यह डी मोइन के उत्तर पश्चिम में करीब 160 मील की दूरी पर बुएना विस्टा काउंटी में एवियन इंफ्लूएंजा का दूसरा सत्यापित मामला है जहां करीब 53 लाख चूजे संक्रमित पाए गए हैं। पहला मामला एक ऐसे फार्म से आया था जहां करीब 50000 टर्की पक्षी थे। प्रांत के कृषि विभाग द्वारा सत्यापित इस मामले का तात्पर्य है कि कम से कम आठ प्रांतों में करीब 1.26 करोड़ मुर्गियों, चूजों और टर्की पक्षियों को मार दिया गया है या शीघ्र ही उन्हें मार दिया जाएगा। संक्रमित वन्य पक्षी कम से कम 24 प्रांतों में पाए गए हैं और यह वायरस करीब एक साल से यूरोप एवं एशिया में प्रवासी जलपक्षियों में संक्रमण फैला रहा है।

**न्यूजीलैंड की खाड़ी में मारी गई दो दर्जन से ज्यादा व्हेल मछलियां**

न्यूजीलैंड की खाड़ी में दो दर्जन से ज्यादा व्हेल मारी गई हैं। यह 10वां मौका है जब इस खाड़ी में व्हेलें फंसी हैं। यूजीलैंड के संरक्षण विभाग ने बताया है कि अब तक लंबे फिन वाली 29 पायलट व्हेलों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार शाम गोल्डन-बे कही जाने वाली खाड़ी में 34 व्हेलों के फंसने की जानकारी मिली।

## पाकिस्तानी सेना मौजूदा राजनीतिक संकट में किसी का पक्ष नहीं ले रही : शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद में विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ का मानना है कि शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने से देश में उत्पन्न मौजूदा राजनीतिक संकट में किसी का पक्ष नहीं ले रहा है।समा टीवी' के शो 'नदीम मलिक लाइव' में शरीफ ने सेना के साथ अपने संबंधों, नए सेना प्रमुख की नियुक्ति, चुनावी सुधार और मौजूदा राजनीतिक हालात में सेना की भूमिका समेत कई मुद्दों पर खुलकर बात की। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष और तीन बार के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ ने कहा कि विपक्षी दल उन्हें अंतरिम प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं, लेकिन अंतिम फैसला पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ द्वारा किया जाएगा। नवाज शरीफ इलाज के लिए मौजूदा समय में लंदन में हैं। पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के लगभग 100 सांसदों ने आठ मार्च को नेशनल असेंबली सचिवालय को एक अविश्वास प्रस्ताव सौंपा, जिसमें आरोप लगाया गया कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नीत खान के नेतृत्व वाली सरकार देश में मौजूदा आर्थिक संकट और बढ़ती महंगाई के लिए जिम्मेदार है। अविश्वास प्रस्ताव के मद्देनजर नेशनल असेंबली का सत्र 21 मार्च को बुलाए जाने की उम्मीद है और प्रस्ताव पर मतदान 28 मार्च को होने की संभावना है।

# यूक्रेन पर हो सकता है परमाणु हमला: पुतिन ने दिए 'न्यूक्लियर वॉर ड्रिल' के आदेश, परिवार को साइबेरिया भेजा

**लंदन।** ब्रिटेन की कई मीडिया रिपोर्टों में टेलीग्राम चैनलों के हवाले से दावा किया गया है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन परमाणु युद्ध की ओर बढ़ने के संकेत दे रहे हैं। यह दावा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि पुतिन ने अपनी सेना को न्यूक्लियर वॉर ड्रिल के लिए अभ्यास करने का आदेश दे दिया है। इतना ही नहीं सुरक्षा के लिए अपने परिवार को साइबेरिया भेज दिया है। वहीं परमाणु निकासी ड्रिल की रिपोर्ट ने क्रेमलिन(रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) के अधिकारियों को झकझोर कर रख दिया है। अधिकारी सकते में हैं कि पुतिन के इस निर्णय का अंजाम कितना भयानक हो सकता है। कुछ विश्लेषकों का कहना है कि 25 दिन युद्ध के बीत जाने पर भी



यूक्रेन ने अब तक हथियार नहीं डाला है जिस वजह से पुतिन काफी नाराज हो गए हैं और उन्होंने इसे चुनौती मान लिया है।



पुतिन यह सोच रहे हैं कि एक छोटा सा देश उन्हें चुनौती दे रहा है। दावों के अनुसार, क्रेमलिन के वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियों को खुद पुतिन ने सूचना दी है कि वे परमाणु युद्ध की तैयारी में निकासी अभ्यास में भाग लेंगे।

**सुरक्षा के लिए पुतिन के परिवार को भेजा साइबेरिया**

पुतिन के परिवार के सदस्यों के बारे में बहुत कुछ नहीं पता है, लेकिन जब से रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ, रिपोर्टों में दावा किया गया कि पुतिन ने अपने तत्काल परिवार के अज्ञात सदस्यों को साइबेरिया के तेह अल्ताई पर्वत में एक हाई-टेक भूमिगत बंकर में स्थानांतरित कर दिया, जो एक संपूर्ण भूमिगत शहर है।

**पुतिन की खतरनाक योजना**

पुतिन के पास एक खतरनाक योजना तैयार है और यह कोई रहस्य नहीं है। परमाणु संघर्ष के लिए रूस के पास डूम्सडे विमान हैं जिनका उपयोग पुतिन और उनके करीबी सहयोगियों द्वारा परमाणु युद्ध में किया जाएगा। एक स्काई बंकर भी डूम्सडे प्लान के तहत था, लेकिन माना जाता है कि यह अभी तैयार नहीं हुआ है।

**पुतिन अपनी खुद की एक बंद दुनिया में फंस गए हैं: खुफिया एजेंसियां**

पश्चिमी देशों की कुछ खुफिया एजेंसियां हालिया उपस्थितियों के माध्यम से पुतिन के दिमाग का विश्लेषण करने की कोशिश कर रहे हैं, वे पाते हैं कि पुतिन 'अपनी खुद की एक बंद दुनिया में फंस गए हैं', जहां वह अकेला निर्णय निर्माता है और वह अन्य दृष्टिकोणों से बिल्कुल अलग है।

## चीन में एक साल बाद कोविड से मौत के दो मामले मिले

**बीजिंग।** चीन के स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 से दो व्यक्तियों की मौत होने की जानकारी दी। जनवरी 2021 के बाद से चीन में किसी कोविड मरीज की मौत होने की यह पहली घटना है। कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के तेजी से फैलने के कारण चीन दो साल में महामारी के सबसे बदतर दौर से जूझ रहा है।

चीन के पूर्वोत्तर जिलिन प्रांत में इन दो कोविड-19 मरीजों की मौत से देश में अब तक मरने वाले कोविड मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 4,638 हो गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग की अधिकारी जिआवो याहुइ ने कहा कि जान गंवाने वाले दोनों कोविड मरीज बुजुर्ग थे। इसके अलावा इनमें से एक बुजुर्ग ने कोविड-19 का टीका भी नहीं लगवाया था।चीन में शनिवार को कोविड-19 के 2,157 नये मामलों में से तीन चौथाई जिलिन में दर्ज किये गये। इसके चलते इस प्रांत में यात्रा संबंधी प्रतिबंध लागू किये गये हैं। सीमा पार करने के लिए



लोगों को पहले पुलिस से मंजूरी लेनी पड़ रही है।

चीन में इस साल मार्च की शुरुआत से अब तक कुल 29 हजार नये कोविड मरीज मिले हैं, जिनमें बिना लक्षण वाले लोग भी शामिल हैं।वर्ष 2019 के आखिर से महामारी के सबसे खराब दौर का सामना कर रहे चीन में अधिकारियों ने कोरोना वायरस के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की रणनीति पर दोगुनी ताकत से काम करने का फैसला किया है।इसके पहले राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को कहा था कि चीन को वायरस को नियंत्रित करने में 'न्यूनतम लागत' के साथ 'अधिकतम प्रभाव' की तलाश करनी चाहिए। इस समय महामारी से सर्वाधिक प्रभावित हांगकांग में कोविड-19 के 16,583 नए मामले सामने आए।

## पुतिन के बीमार होने की उड़ती अफवाहों पर बेलारूस के राष्ट्रपति ने लगाया विराम, कहा- वह बिल्कुल स्वस्थ

**कीव।** कुछ मीडिया की रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बीमार हो सकते हैं, इसके बाद पुतिन की मानसिक हालात तक लोगों ने सवाल उठाए थे लेकिन उनके करीबी सहयोगी बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए कहा कि पुतिन स्वस्थ, समझदार और पहले से बेहतर हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे काफी करीबी संबंध हैं। साक्षात्कार में कहा कि मेरे पास जो भी मिलने को लेकर विवरण है जहां तकसंभव हो, वह गुप्त रहेगा। बता दें रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर अपने आक्रमण के लिए बेलारूसी क्षेत्र को लॉन्चपैड के रूप में इस्तेमाल किया था।

पश्चिमी नेताओं ने पुतिन के यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने का काफी विरोध किया था। ब्रिटिश प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा है कि पुतिन तर्कहीन हैं और डच प्रधान मंत्री मार्क रूट ने उन्हें पूरी तरह से पागल बताया है।

लुकाशेंको ने अपने इंटरव्यू में पुतिन पर उठाए गए बीमारी के सभी सवालों को खारिज कर दिया



और कहा कि पश्चिम और आपको, इस मूर्खता, इस कल्पना को अपने दिमाग से निकाल देना चाहिए क्योंकि पुतिन बिल्कुल फिट हैं वह पहले से बेहतर हैं और वह पूरी तरह से समझदार, स्वस्थ व्यक्ति है, शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं वह एक एथलीट हैं।

लुकाशेंको ने 1991 में सोवियत संघ के टूटने पर भी शोक व्यक्त किया। इस विषय पर पुतिन ने अक्सर चर्चा की है, कम से कम जब उन्होंने आक्रमण से पहले भाषणों में सुझाव दिया था कि यूक्रेन एक कृत्रिम निर्माण था और रूसी इतिहास और संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा था।आगे लुकाशेंको ने कहा कि सोवियत संघ का पतन एक त्रासदी है। यदि सोवियत संघ आज तक जीवित रहता, तो हम दुनिया में सभी प्रकार के संघर्षों से बच सकते थे। जब सोवियत संघ अस्तित्व में था, दुनिया बहुध्रुवीय थी और एक ध्रुव दूसरे को संतुलित करता था। अब दुनिया में जो हो रहा है उसका कारण एकध्रुवीयता है।

## पाकिस्तान में बड़ा धमाका: सियालकोट मिलिट्री बेस पर जबरदस्त विस्फोट, चारों तरफ आग ही आग

**इस्लामाबाद।** उत्तरी पाकिस्तान से बड़ी जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि सियालकोट में मिलिट्री बेस पर सिलसिलेवार धमाके हुए हैं। चारों तरफ आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। विस्फोट की आवाज कथित तौर पर पंजाब प्रांत के छावनी क्षेत्र के पास सुनी गई। द डेली मिलाप के संपादक ऋषि सूरी ने एक ट्वीट में कहा कि उत्तरी पाकिस्तान में सियालकोट सैन्य अड्डे पर कई धमाके हुए हैं। प्रारंभिक संकेत हैं कि यह एक गोला बारूद भंडारण क्षेत्र है। चारों तरफ भीषण आग जल रही है। कारण का अभी तक पता नहीं चला है।

**धमाके में हो सकता है**



**भारी नुकसान**- इस धमाके के बाद पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। लोग डरे हुए हैं। वहीं इस धमाके में अभी कितना नुकसान हुआ है इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। जिस तरह से सिलसिलेवार धमाके हुए हैं उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि भारी जान-माल का नुकसान हुआ हो। इस धमाके के पीछे किसका हाथ है इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पाकिस्तान में पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बलूच विद्रोहियों द्वारा अक्सर सैन्य अड्डों को निशाना बनाया जाता रहा है।

**सोशल मीडिया पर कई वीडियो शेयर**

वहीं, धमाके के बाद सोशल मीडिया पर कई वीडियो शेयर किए जा रहे हैं। इन वीडियो में देखा जा सकता है कि मिलिट्री बेस के ऊपर से आग की लपटें हवा में फैल गई हैं। चारो तरफ धुआं ही धुआं नजर आ रहा है।

## सिंगापुर में मिले 10244 कोरोना के नए मामले, तीन की मौत



**कीव।** दुनियाभर में कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। सिंगापुर ने कोविड-19 के 10,244 नए मामले दर्ज किए, वहीं अब संक्रमितों की कुल संख्या 1,007,158 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शनिवार को कोविड-19 से तीन मौतें हुईं, जिससे मरने वालों की कुल संख्या 1,194 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, नए मामलों में से 2,241 मामलों का पता पीसीआर (पोलीमरेज चेन रिएक्शन) परीक्षणों और 8,003 एआरटी (एंटीजन रैपिड टेस्ट) परीक्षणों के माध्यम से लगाया गया। वर्तमान में अस्पतालों में कुल 1,130 मामले हैं, जिनमें से 27 मामले गहन देखभाल इकाइयों में हैं।

# यूक्रेनियंस को बंधुआ मजदूर बना रहा रूस: यूक्रेन का आरोप- रूसी सेना ने मारियुपोल से 4,500 लोगों का अपहरण किया; पासपोर्ट भी छीने

**मॉस्को,कीव।** यूक्रेन में जंग करने के साथ-साथ रूसी सेना अपने देश के लिए बंधुआ मजदूर भी जुटा रही है। यूक्रेन के अधिकारियों ने रूसी सेना पर मारियुपोल से 4,500 लोगों का अपहरण करने का आरोप लगाया है। यूक्रेन का कहना है कि इन नागरिकों को रूसी सेना अपनी सीमा में ले गई है और उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए हैं। इनसे बंधुआ मजदूरी कराने की तैयारी है।

हालांकि, इस दावे से पहले रूस ने कहा था कि यूक्रेनी नागरिकों ने उसके यहां शरण मांगी है। वह यूक्रेन में आम लोगों को सभी तरह की सहायता देने की



मेयर के असिस्टेंट पायोत्र आंद्रेयूस्चेंको ने शनिवार को कहा कि रूसी सेना हमारे शहर के 4,000 से 4,500 नागरिकों को जबरन ले गई है। इन सभी को साउथ-वेस्ट रूसी शहर टैगान्रोग में रखा गया है। हालांकि, यूक्रेन में जंग के कारण फैली अव्यवस्था के बीच आंद्रेयूस्चेंको के दावे को वैरीफाई करने का कोई तरीका नहीं है, लेकिन न्यूयॉर्क टाइम्स का कहना है कि हाल ही में शहर छोड़कर भागने वालों के बयान से उसका आरोप सही साबित हो रहा है।

**रॉयटर्स ने जारी की है इन लोगों की तस्वीर**

रॉयटर्स न्यूज एजेंसी ने यूक्रेन के शहर मारियुपोल से निकाले गए लोगों को रूस के रोस्तोव रीजन में टैगान्रोग शहर के एक स्कूल में रखे जाने की तस्वीर जारी की है। इस तस्वीर में कहा गया है कि इन सभी के लिए स्कूल में टेंपरेरी शेल्टर होम बनाया गया है। हालांकि, रॉयटर्स ने वहां उन्हें बंधुआ मजदूर बनाए जाने जैसे किसी हालात का जिक्र नहीं किया है।

**रूस ने कहा- 7,800 यूक्रेनी नागरिकों ने मांगी थी शरण**

आंद्रेयूस्चेंकी के आरोप से एक दिन पहले शुक्रवार रात को रूस के नेशनल डिफेंस कंट्रोल सेंटर के हेड मिखाइल मिजिनत्सोव ने अलग ही दावा किया था। मिखाइल ने कहा था कि पिछले 24 घंटे के दौरान 7,800 यूक्रेनी नागरिकों ने रूसी गणराज्य में शरण दिए जाने की गुहार लगाई थी।

**अपहरण किए गए लोग टेर्रास्पोर्ट सेंटर में ठहरे थे**

यूक्रेन की सेना मारियुपोल पर अब अपना कब्जा होने का दावा कर रही है, लेकिन रूसी सेना शहर के सेंटर तक पहुंच चुकी है और सड़कों पर लड़ाई चल रही है। आंद्रेयूस्चेंको ने कहा कि शहर के सेंटर में मौजूद फिटनेस कॉम्पलेक्स टेर्रास्पोर्ट में हजारों लोगों ने शरण ले रखी थी। इन्हीं लोगों को रूसी सेना ने अपना बंधक बनाकर सीमा पार कराई है।

## 98 साल की महिला ने की यूक्रेन की सेना में शामिल होने की पेशकश, लोगों ने किया जज्बे को सलाम

**कीव।** यूक्रेन रूस के बीच चल रहे युद्ध को 24 दिन बीत चुके हैं लेकिन यूक्रेन रूस का डटकर मुकाबला कर रहा है। इस युद्ध के दौरान कुछ ऐसी कहानियां सामने आई हैं जिन्होंने सेना में दम भर दिया। यूक्रेन के आम लोग भी सेना में भर्ती होकर देश के लिए शहादत देने को तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अपने देश की रक्षा के लिए एक 98 वर्षीय महिला ने यूक्रेनी सेना से खुद को भर्ती होने को कहा और इस देश प्रेम को देखते हुए महिला ने लोगों का दिल जीत लिया। 98 वर्षीय यूक्रेनी महिला ओल्हा तेवरदोखलिबोवा ने द्वितीय विश्व युद्ध में भाग लिया था। यूक्रेन के गृह मंत्रालय ने बताया, ओल्हा ने द्वितीय विश्व युद्ध में सक्रिय रूप से भाग लिया था। मंत्रालय के मुताबिक, ओल्हा ने सेना में शामिल होने की पेशकश की थी। लेकिन अफसोस की बात है कि अधिक उम्र के कारण उन्हें मना कर दिया गया। मंत्रालय ने कहा, गुणों और अनुभवों के बावजूद, उम्र बाधा बन गई। यकीन है कि वह जल्द ही एक और जीत का जश्न मनाएंगी।

**पोलैंड ने अब तक यूक्रेन के 20 लाख से अधिक शरणार्थियों को शरण दिया**

पोलैंड ने अब तक यूक्रेन से आए 20 लाख से अधिक शरणार्थियों को शरण दिया है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि 24 फरवरी को रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से 33 लाख लोग देश छोड़कर चले गए गए हैं। पोलैंड के अलावा हंगरी, स्लोवाकिया, मोल्दोवा और रोमानिया में भी सैकड़ों लोग गए हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## रूस का हमला: सवा करोड़ से ज्यादा युद्ध पीड़ित, 32 लाख ने यूक्रेन छोड़ा

कीव। यूक्रेन पर रूस के हमले की भयावहता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग युद्ध पीड़ित के रूप में चिह्नित किये गए हैं। इनमें से 32 लाख ने यूक्रेन छोड़कर आसपास के देशों में शरण ली है। यूक्रेन में फंसे लाखों लोग बिजली-पानी को तरस रहे हैं।

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद वहां रहने वालों की जिंदगी



दुश्वार हो गयी है। संयुक्त राष्ट्र संघ की शरणार्थी एजेंसी के अनुसार 32 लाख से ज्यादा लोग यूक्रेन छोड़ चुके हैं। लाखों अन्य लोग देश के भीतर ही विस्थापित हैं। एजेंसी का दावा है कि एक करोड़ 30 लाख लोग युद्ध से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। जो लोग यूक्रेन से बाहर निकले हैं उन्होंने पोलैण्ड, स्लोवाकिया, हंगरी, रोमानिया, मोल्दोवा, रूस और कुछ हद तक बेलारूस में शरण ली है। उनमें 90 प्रतिशत संख्या महिलाओं और बच्चों की है। इनके अलावा लगभग एक लाख 62 हजार अन्य देशों के नागरिकों ने यूक्रेन छोड़ दिया है। विस्थापन के शिकार इन लोगों के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने चेक गणराज्य, हंगरी, मोल्दोवा, पोलैण्ड, रोमानिया और स्लोवाकिया में सुरक्षित केंद्र बनाए हैं, जिन्हें ह्यब्लू डॉट्सह्न नाम दिया गया है। इन केंद्रों में बच्चों और परिवारों की जरूरत के अनुसार सेवाएं मुहैया कराई जाती है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा है कि रूसी बमबारी से बचकर निकलने में नाकाम कुछ लोग बेहद खतरनाक हालात में फंसे हुए हैं। मारियुपोल व सूमी जैसे शहरों में काफी खराब स्थिति है, जहाँ लोगों को भोजन, पानी और दवाइयों के संकट का सामना करना पड़ रहा है।